



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 336 | कोरबा, गुरुवार , दिनांक 05 सितम्बर 2024 डाक 06 सितम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर में सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की....



**देश-विदेश**
अनिल देशमुख ने गिरीश महाजन को आरोपित बनाने का बनाया था दबाव, सीबीआई जांच में हुआ खुलासा




**फीचर पेज**
सांप जैसा दिखने वाला स्नेक फ्रूट सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद, जानिए इसके फायदे




# छत्तीसगढ़ से भाग रहे नक्सलियों को जवानों ने तेलंगाना में घेरकर मारा, मुठभेड़ में छह हार्डकोर नक्सली ढेर

**सुकमा, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी बीच छत्तीसगढ़-तेलंगाना के सीमावर्ती इलाके में सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। खबरों के अनुसार मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। इस मुठभेड़ में छह नक्सलियों के मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में एक पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की सरहद से लगे तेलंगाना के भद्रादीकोठागुडम जिला और पिनपाका मंडल करकागुडम के जंगल में गुरूवार तड़के छत्तीसगढ़ से तेलंगाना भाग रहे नक्सलियों से



ग्रेहाउंडस के जवानों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में छह हार्डकोर नक्सली मारे गए हैं।

वहीं दो जवानों के घायल होने की खबर है। घायल जवानों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मौके से हथियार व विस्फोटक सामग्री भी बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ कमांडर लक्ष्मण समेत अन्य नक्सली जंगल के रास्ते तेलंगाना की ओर जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और ग्रेहाउंड फोर्स ने नक्सलियों को घेर लिया। जिसके बाद दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई।

इस मुठभेड़ में जहां छह नक्सली ढेर हो गए हैं। वहीं तेलंगाना पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं। इनमें से एक जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल जवानों को इलाज के लिए भद्राचलम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त कुंजा विरैया, तुलसी, शुक्र, चालो, दुर्गेश व कोटो के रूप में की गई है। ऑपरेशन एसपी पंकज परितोष ने बताया है कि पुलिस के बढ़ते दबाव से नक्सलियों के छत्तीसगढ़ से भाग कर तेलंगाना आने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद ग्रेहाउंड फॉर्स के जवानों ने नक्सलियों की तलाशी के लिए अभियान चलाया।

## 15 ट्रेनें रद्द, त्योहारी सीजन के बीच यात्रियों को झटका

**रायपुर ।** त्योहारी सीजन के दौरान प्रदेश में ट्रेनों के रद्द होने का क्रम जारी है। रेलवे ने दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस समेत कुल 15 ट्रेनें रद करने का निर्णय लिया है। सिकंदराबाद मंडल के अंतर्गत विजयवाड़ा-काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के विभिन्न स्टेशनों में नई लाइन कमीशनिंग के लिए प्री-एनआई व एनआई का कार्य किया जाएगा। इसके चलते 11 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद करने के साथ ही दो ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने की घोषणा की है। दूसरी तरफ उत्तर रेलवे के दिल्ली रेल मंडल में पलवल और न्यू पृथला जंक्शन यार्ड को जोड़ने का काम कराने रेलवे ने चार एक्सप्रेस ट्रेनों को रद कर दिया है, जबकि छह ट्रेनों के रास्ते में बदलाव किया है।

**श्रीगंगानगर में भीषण सड़क हादसा**

## एक ही गांव के छह लोगों की मौत, जागरण से लौट रहे थे सभी




**श्रीगंगानगर, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

श्रीगंगानगर के विजयनगर में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। सूरतगढ़-अनूपगढ़ स्टेट हाईवे पर देर रात करीब 2 बजे एक कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में 3 बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 3 ने हॉस्पिटल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सभी बाइक सवार आपस में परिचित थे और रात्रि जागरण से लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार एक्सीडेंट में मौके पर हनुमानगढ़ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र के पल्लू निवासी ताराचंद (20), सूरतगढ़ गांव के दो एसपीएम का रहने वाला मनीष उर्फ रमेश (24), बख्तावरपुरा निवासी सुनील कुमार (20) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बख्तावरपुरा के चोहिलांवाली निवासी राहुल (20), राजियासर थाना क्षेत्र के गांव दो एसपीएम के शुभकरण (19) और बलराम उर्फ भालराम (20) की हॉस्पिटल ले जाने के दौरान मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद से कार ड्राइवर मौके से फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर जेपीसी की आज अहम बैठक

**सरकार के तीन मंत्रालय रखेंगे अपनी बात**



**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की आज अहम बैठक हो रही है।

जेपीसी के अध्यक्ष भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने बैठक से पहले कहा कि आज की बैठक में तीन मंत्रियों को बुलाया गया है। इनमें केंद्रीय शहरी विकास मंत्री, रेल मंत्री और परिवहन मंत्री शामिल हैं। ये तीनों मंत्री अपने-अपने मंत्रालयों का वक्फ संपत्ति को लेकर प्रजेंटेशन देंगे। भाजपा सांसद ने कहा कि हम सभी हिस्सेदारों से बातचीत कर रहे हैं।

## भेड़िया प्रभावित गांवों में चौकसी बढ़ी, चप्पे-चप्पे पर निगरानी, पटाखे की धमक से गूंज रहे गांव

**बहराइच, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

नौ बच्चों समेत 10 लोग शिकार बना चुके भेड़िए ने मंगलवार को हमला नहीं सुनाई पड़ा। खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के नेतृत्व में 11 जिला स्तरीय अधिकारी गांवों में भ्रमण कर रहे हैं। भेड़िए के हमले को रोकने के लिए पूरी ताकत के साथ निगरानी की जा रही है।वन विभाग की 16 टीमें लगातार कॉम्बिंग कर रही हैं। शाम होते ही गांवों में गोले पटाखों की आवाज गूंजने लगती है। लाउड स्पीकर से जागते रहो का शोर दूर-दूर तक सुनाई देता है।



200 पुलिस व पीएसी के जवान निगरानी में लगाए गए हैं। ग्रामीण टोलियां बनाकर घूमते नजर आते हैं। इन प्रयासों के बावजूद ग्रामीणों में भेड़िए को लेकर दहशत है। ग्रामीण रतजगा कर रात बिता रहे हैं। लोकेशन मिलने के बाद भेड़िया चकमा देकर निकल जाता है। फिलहाल बुधवार को भेड़िए की कोई लोकेशन नहीं मिली।

भेड़िया प्रभावित गांवों में चौकसी बढ़ गई है। प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि मुख्य वन संरक्षक, वन संरक्षक, आसपास के जिलों के डीएफओ के साथ पूरा अमला रात दिन निगरानी में जुटा है। सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। गांवों में कैंप कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। चार भेड़िए पकड़े जा चुके हैं। दो अन्य पकड़ लिए जाएंगे। यदि ग्रामीण सजग रहेंगे तो घटनाएं रुकेंगी। कदापि घर के बाहर न सोएं।

## कर्नाटक सरकार का यू-टर्न, एसबीआई व पीएनबी के साथ संबंधों में परहेज से जुड़ा निर्देश वापस लिया



**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार ने अपना एक विवादास्पद निर्देश वापस लेने की घोषणा की है। सरकार की ओर से एक परिपत्र जारी कर राज्य के विभागों को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ कारोबार करने से परहेज करने का निर्देश दिया गया था। अब सरकार ने यह निर्देश वापस ले लिया है। इससे पहले कर्नाटक सरकार ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में कोई भी सरकारी धन जमा न करने का फैसला लिया था। राज्य के वित्त विभाग ने सभी सरकारी विभागों, उद्यमों, बोर्ड और निगम को इन बैंकों में संचालित खातों को बंद करने और जमा राशि को निकालने के निर्देश दिए थे।






## मंत्री लखन लाल देवांगन ने दिल्ली में "उद्योग समागम" में की भागीदारी

**रायपुर, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने नई दिल्ली में आयोजित 'उद्योग समागम' सम्मेलन में भाग लिया। यह कार्यक्रम केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सभी राज्यों के उद्योग मंत्री और प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में देश भर के उद्योगपतियों, उद्यमियों और निवेशकों ने भाग लिया, जिसमें व्यापार, उद्योग और आर्थिक विकास से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। देवांगन ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में निवेश की विशाल संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने निवेशकों को राज्य में आकर्षित करने के लिए बेहतर नीतियों और बुनियादी ढांचे के विकास पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कई विशेष योजनाएं और सुविधाएं प्रदान कर रही है, जिससे न केवल राज्य का आर्थिक विकास होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। सम्मेलन के दौरान उपस्थित उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई और राज्य में भविष्य में निवेश करने की संभावनाओं पर विचार किया।

## केजरीवाल समाज के लिए खतरा नहीं, जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली सीएम के वकील की दलील

**नईदिल्ली , 05 सितम्बर [एजेंसी]।**



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है। दिल्ली शराब नीति घोटाले में जेल में बंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है। वहीं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी, केजरीवाल का पक्ष रख रहे हैं।

जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में जो एफआईआर दर्ज की है, उसमें केजरीवाल का नाम नहीं है।

साथ ही केजरीवाल को बीते दिनों अंतरिम जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली सीएम समाज के लिए खतरा नहीं हैं। सिंघवी ने ये भी कहा कि दो बार सुप्रीम कोर्ट और एक बार ट्रायल कोर्ट केजरीवाल को जमानत पर रिहा करने का आदेश दे चुका है।

### छत्तीसगढ़ हेडमास्टर ने सुसाइड नोट लिखकर मौत को गले लगाया

**बालोद 5 सितम्बर।** जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक हेडमास्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हेडमास्टर ने खुदकुशी अपने घर में की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। वहीं मौके से पुलिस को सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें आत्महत्या के कारणों का जिक्र मृतक हेडमास्टर ने किया है। यह मामला डौंडी थाना क्षेत्र के घोठिया गांव का है। डौंडी विकासखंड के ओड़गांव स्कूल के हेडमास्टर देवेंद्र कुमेटी जो घोठिया गांव में रहने वाले थे, उन्होंने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथैरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


### हाईवे पर वैन का टायर फटा, 7 शिक्षक घायल

**लखनऊ।** हादसा कमलापुर थाने के करीब हुआ है। वैन चालक के मुताबिक, वे शिक्षक और शिक्षिकाओं को लेकर लखनऊ से सीतापुर आ रहा था। लखनऊ-दिल्ली हाइवे पर वैन का टायर फटने से वाहन पलट गया। हादसे में वैन सवार 7 शिक्षक जख्मी हो गए। इन्हें प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा है। गुरुवार सुबह करीब 7.30 बजे अचानक वैन का पिछला टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में सवार शिक्षिका निधि श्रीवास्तव, श्रेया जायसवाल, विक्रांत कटियार, वागीश सक्सेना सहित अन्य जख्मी हो गए। हादसा देख भीड़ जमा हो गई, पुलिस भी आ गई। अफरातफरी के बीच सभी चोटिल हुए शिक्षकों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है।

# बदलेगी स्कूल की तस्वीर और विद्यार्थियों की तकदीर





कोरबा । शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पीएगा वो दहाड़ेगा'' भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के इस संदेश में शिक्षा का वह महत्व छिपा है जो किसी गरीब, वंचित समाज को प्रगति के रास्ते पर ले जाकर अलग पहचान दिलाने का काम करता है। जो जितना अधिक शिक्षित होगा, वह उतना ही प्रभावशाली पहचान बना पायेगा। अनुसूचित जिले में शिक्षा के इसी महत्व को ध्यान रखकर जिले के कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बेहतर शैक्षणिक माहौल विकसित करने की दिशा में पहल की जा रही है। विगत छह महीने में जिले की शिक्षा व्यवस्था और गुणवत्ता को बेहतर बनाने उन्होंने डीएमएफ से जर्जर हो चुके स्कूल भवनों के लिए नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान की। शिक्षकों की कमी से जूझ रहे विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए भृत्यों की नियुक्ति की। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और परीक्षा परिणाम बेहतर करने की दिशा में एकीकृत पाठ्यक्रम प्रणाली, जिले के शासकीय विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्था में नीट, जेईई की रायपुर में कोचिंग, 12वीं पास प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने मेडिकल, इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए विशेष छात्रवृत्ति तथा प्राथमिक, मीडिल स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल आने प्रोत्साहित करने मिड डे मील के अतिरिक्त सुबह का नाश्ता देने की पहल की गई है। जाति प्रमाण पत्र बनाने तथा छात्रावासों में आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा महाविद्यालयों तथा छात्रावासों में भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में अनेक कार्य स्वीकृत किए गए हैं।जिला प्रशासन द्वारा जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तथा आसपास मौजूद जर्जर स्कूल भवनों का चिन्हांकन कर नए भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर ने कुल 140 से अधिक नए स्कूल भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, जीर्णोद्धार कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दूरस्थ क्षेत्रों सहित आसपास के जर्जर स्कूल भवनों के स्थान पर नए भवन बनने से स्कूल में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों सहित शिक्षकों की समस्याएं दूर होंगी। कई स्थानों पर बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने की समस्या है। भवन पुराने हैं। कम कमरे हैं। ऐसे में नवीन भवन स्वीकृति मिलने से विद्यार्थियों सहित शिक्षकों की समस्याएं दूर होंगी।कोरबा जिले के हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल में विभिन्न विषयों के 116 व्याख्याता के रिक्त पदों पर 1 जुलाई 2024 से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध एवं शैक्षणिक योग्यताधारी बेरोजगार युवकों की नियुक्ति अतिथि शिक्षक के रूप में अध्यापन कार्य कराने हेतु किया गया है। इसी तरह इस प्रकार विद्यालयों में समस्त विषयों के व्याख्याताक्र हो जाने पर निश्चित रूप से शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इसी तरह कोरबा जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर व पहाड़ी कोरवा जनजाति के शिक्षित बेरोजगारों में से 8वीं उत्तीर्ण 77 युवाओं को जिले के माध्यमिक शाला, हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल में चतुर्थ वर्ग भृत्य के रिक्त पदों पर तथा 29 लोगों को प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर पदस्थापना की गई है।जिले में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के साथ भवन आदि की स्वीकृति पर खुशी जताते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार के प्रभारी प्राचार्य श्री रामनाथ बघेल और व्याख्याता श्रीमती एम धनलक्ष्मी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जर्जर स्कूल भवनों के स्थान पर नए भवन स्वीकृत किए जा रहे हैं। अतिथि शिक्षकों और भृत्य की नियुक्ति की जा रही है। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी फायदा होगा। पहुँच मार्ग, साइकिल स्टैंड, शेड से स्कूल आने वाले विद्यार्थियों को बहुत सहूलियत होगी। सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री घनश्याम जाटवर का कहना है कि पहले की अपेक्षा स्कूलों को काफी सुविधाएं मिलने लगी है। इससे शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने जिला प्रशासन की पहल की सराहना की।कलेक्टर द्वारा जिले के सभी स्कूल भवनों में पहुंच मार्ग तथा हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों तक पहुंच मार्ग निर्माण करने और साइकिल स्टैंड, शेड निर्माण के संबंध में जानकारी मांगी गई है। पहुंच मार्ग तथा साइकिल स्टैंड बनने से स्कूली विद्यार्थियों को राहत मिलेगी।

दसवीं कक्षा उत्तीर्ण आगे नीट व जेईई की तैयारी करने के इच्छुक जिले के शासकीय विद्यालय से 10वीं उत्तीर्ण 50 नीट व 50 जेईई कुल 100 छात्र-छात्राओं को जिले के आरक्षण रोस्टर अनुसार चयन कर 01 जुलाई 2024 से देश की प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर ऐलेन की रायपुर शाखा में दो वर्ष की कोचिंग कराया जा रहा है। चयनित 100 छात्र-छात्राओं का शिक्षण शुल्क, आवास शुल्क एवं भोजन का खर्च का वहन भी जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से किया जा रहा है।कोरबा जिले के आकांक्षी विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा एवं कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रारंभ होने के पूर्व 9.30 बजे नाश्ता दिया जा रहा है। प्रत्येक प्राथमिक शाला-माध्यमिक शाला में कार्यरत महिला स्वसहायता समूह के रसोइया द्वारा ही नाश्ता तैयार कर गरम-गरम नाश्ता प्रदान किए जाने से स्कूलों में विद्यार्थियों की रूचि शाला आने में बढ़ी है।कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त 180 प्राचार्यों की बैठक लेकर निर्देशित किया गया है कि जिले के समस्त हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी के 10वीं व 12वीं के छात्र/छात्राओं को एकीकृत पाठ्यक्रम अनुसार प्रत्येक विषय का अध्ययन विषय शिक्षकों द्वारा किया जाएगा तथा सितम्बर-दिसम्बर में संपूर्ण जिले के छात्रों की एकीकृत जांच परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसके लिए प्रश्न पत्र जिला स्तर पर तैयार किया जाएगा तथा उक्त परीक्षा के उत्तर पुस्तिका की जांच दूसरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कराया जाएगा। दिसंबर में अर्धवार्षिक परीक्षा उपरांत कमजोर छात्रों का चिन्हांकन कर विकासखण्ड स्तर पर 4 विषय विशेषज्ञ द्वारा जनवरी फरवरी में बोर्ड परीक्षा के लिए विशेष तैयारी कराया जाएगा। जिला प्रशासन की इस पहल से जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।कोरबा जिले के निवासी तथा शासकीय विद्यालय से 12वीं उत्तीर्ण छात्र यदि मेडिकल, इंजीनियरिंग या देश के प्रतिष्ठित विश्विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आधार पर विशेष कोर्स में चयन होने पर उनका शिक्षण शुल्क डीएमएफ मद से किया जाएगा। इस पहल से जिले के गरीब और शासकीय विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित कर स्कूल में पढ़ाई करने वाले कक्षा एक से 12वीं तक के विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि वे आरक्षित वर्ग के सभी विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनवाएं। इसके लिए विद्यार्थियों का रिकॉर्ड जुटाने तथा दस्तावेज उपलब्ध न होने पर ग्राम सभा के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए पहल करने कहा गया गया।

## पहाड़ी कोरवा ममता की जिंदगी में थी उलझनों की मोड़, कलेक्टर ने शिक्षा से दिया नाता जोड़



कोरबा । तब गांव आंछीमार के पहाड़ी कोरवा मंगल सिंह घर पर नहीं थे। उनकी बेटी ममता कोरवा शायद स्कूल जाने के लिए झटपट तैयार हो रही थी। अचानक से ममता तक खबर आई कि उनके घर के बाहर कोरबा के कलेक्टर आए हैं। वह अपनी जूती भी नहीं पहन पाई थी और सफेद मोजे पहने हुए स्कूल ड्रेस में भागती हुई बाहर आई। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि पहाड़ी कोरवाओं की इस छोटी सी बस्ती और तंग गली में कभी मोटर सायकल भी नहीं आता-जाता, उस गली से होकर उनके द्वार तक कलेक्टर की गाड़ी और स्वयं कलेक्टर आए हैं। ममता की खुशी का ठिकाना नहीं था। कलेक्टर ने जब उनसे पूछा...कौन से क्लास में हो...नाम क्या है ? मैं कोरबा कलेक्टर पी दयानंद हूं...तो सबसे पहले ममता ने मुस्कुराते हुए हाथ मिलाया और नाम बताते हुए कहा...तो सर आप ही कलेक्टर..है.! कलेक्टर से हाथ मिलाते ही उलझनों के मोड़ में उलझी ममता को कलेक्टर पी दयानंद से ऐसा ज्ञान और प्रोत्साहन मिला कि एक दिन उसकी जिंदगी बदल गई।

आठ साल पहले स्कूल खुलने के दिन यानी एक जुलाई को ग्राम आंछीमार की पहाड़ी कोरवा ममता तब कक्षा दसवीं पास करके कक्षा 11वीं में ही पहुंची थीं। तब वह बहुत असमंजस में थी कि 11 वीं में कौन सा विषय लिया जाए, जो विषय ली है, वह ठीक है या नहीं.. उसके समाज में कोई ऐसा परिचित भी उन्हें नहीं मिल रहा था कि वह उससे पूछ सकें...। विषय चयन सहित आगे की पढ़ाई को लेकर एक मोड़ पर उलझी ममता के लिए अचानक से कलेक्टर का घर आना उनके भविष्य के लिए एक नया रास्ता था। कलेक्टर पी दयानंद ने तब उन्हें एक शिक्षक की तरह समझाते हुए बायोलॉजी सब्जेक्ट चयन करने और इससे बनने वाले कैरियर के विषय में बताते हुए एकाग्रता के साथ मन लगाकर पढ़ाई करने तथा पहाड़ी कोरवा समाज की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनने की बात कही। पहाड़ी कोरवा ममता के लिए यहीं एक ऐसा मोड़ था जिससे उनकी उलझने दूर हुई और ममता की जिंदगी बदल गई। कलेक्टर की बातों को गांठ बांधकर पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाया और बायोलॉजी से पहले 11वीं और 12वीं पास करने के बाद बीएससी, डीसीए, एमए की पढ़ाई पूरी की। किसी शिक्षक के रूप में एक कलेक्टर से मिले ज्ञान और अपनी पढ़ाई की बदौलत ममता ने आखिरकार कामयाबी हासिल की। अब वह शिक्षिका बन गई है और प्रभारी प्रधानपाठक का दायित्व सम्हालने के साथ ही ग्रामीण विद्यार्थियों को ज्ञान की किताब पढ़ा रही है। कोरबा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम आंछीमार की पहाड़ी कोरवा ममता शिक्षिका के रूप में प्राथमिक शाला चीतापाली में पढ़ाती है। उसने बताया कि वह जिस समाज से आती है, उसमें बहुत ही कम लोग 10वीं, बारहवीं तक की पढ़ाई किए हुए हैं। कॉलेज की पढ़ाई करने वाले गिनती के ही लोग है। उसे भी लगता था कि वह बारहवीं तक की पढ़ाई पूरी कर पायेगी या नहीं। 10वीं कक्षा पास करने के बाद कलेक्टर श्री पी दयानंद के घर आने और उनसे मिली प्रेरणा के विषय में बताती हुई ममता कहती है कि वह दिन सचमुच मेरी जिंदगी में एक नया मोड़ के समान था। कलेक्टर सर का चेहरा, उनकी बातें मुझे पढ़ाई के लिए हमेशा प्रेरित करती रही। ममता ने बताया कि उनके दादा-दादी, माता-पिता की जिंदगी संघर्षों के बीच बीती है। समाज में लड़कियां 5वीं, 8वीं पढ़ लेती थीं, वहीं उनकी उपलब्धि थी और इसके बाद शादी के बंधन में बंध जाती थी। ऐसे में उन्हें भी लगता था कि 10वीं के बाद पता नहीं कब उनका भी रिश्ता तय कर दिया जाए और पढ़ाई वहीं बंद हो जाए। ममता कहती है कि कलेक्टर के घर आकर उनसे मिलने से घर का पूरा माहौल बदला। उनके निर्देश पर हास्टल में जगह मिली। माता-पिता ने उन्हें आगे पढ़ाई पूरी करने में पूरा सहयोग दिया और नौकरी मिलते तक शादी भी नहीं की। समाज के अन्य लोगों को भी यह जानकार खुशी हुई कि कलेक्टर साहब उनके घर आए थे और उन्होंने भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने का काम किया। ममता ने बताया कि कॉलेज की पढ़ाई करने के बाद वह एनआरएलएम से जुड़ी और सक्रिय महिला सदस्य के रूप में दिल्ली में कार्यक्रम में सम्मिलित भी हुई। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के घर आने के बाद वह भी अधिकारी बनना चाहती थी, लेकिन शिक्षिका के रूप में नौकरी लगने के बाद अहसास हुआ कि यह फील्ड उनके लिए बहुत अच्छा है और इस नौकरी की बदौलत अपने समाज के बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित कर सकती है।

ममता बताती है कि अधिक पढ़ाई करने के बाद भले ही कुछ लड़कियों का सपना होता है कि वह उनके जैसा या उनसे अधिक पढ़ाई करने वाला लड़के से शादी करेगी। ममता ने बताया कि वह भी ऐसा कर सकती थी, लेकिन उन्होंने 12वीं पास लड़के से विवाह किया है। पति मुकेश कुमार को हाल ही में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने अतिथि शिक्षक के रूप में स्कूल में नौकरी प्रदान की है। ममता कहती है कि हमारी किस्मत बदल रही है। आने वाले समय में हमारा भविष्य बेहतर होगा। हम शासन-प्रशासन से मिले सहयोग से अपना ही भविष्य नहीं संवार रहे है, अपितु आने वाले पीढ़ियों का भी भविष्य संवारने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## चिरायु टीम द्वारा स्कूल आंगनबाड़ी का विजिट कर बच्चों का किया जा रहा स्वास्थ्य परीक्षण



कोरबा । चिरायु योजना (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात हृदय रोग, मोतियाबिन्द, कटे-फटे होठ, टेढ़े-मेड़े हाथ पैर सहित 44 गंभीर बिमारियों के इलाज शासन द्वारा कराया जाता है। कोरबा जिले में चिरायु की 12 टीमें कार्य कर रही है। जिनके द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूल में जाकर अध्ययनरत बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है एवं गंभीर बिमारियों से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग का चिरायु दल बच्चों की स्क्रीनिग कर शासन को रिपोर्ट भेजते है। समय रहते उपचार से मरीज की स्थिती और अधिक नहीं बिगड़ती और साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को इलाज और जॉच में अधिक व्यय नहीं करना पड़ता है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी ने उपरोक्त बीमारियो से ग्रसित बच्चों के अभिभावकों से अपील किए है कि वे अपने बच्चों को दिनांक 05 एवं 07 सितंबर 2024 को स्कूल एवं ऑगबाड़ी केन्द्र अवश्य भेजें जिससे उनकी जॉच की जा सके। विकासखण्ड कटघोरा में निर्धारित चिरायु की पहली टीम द्वारा 05 सितंबर को आंगनबाड़ी केंद्र बादलभाठा, चैनपुर, तथा बरकुटा एवं 07 सितंबर को माध्यमिक शाला गोपालपुर का विजिट कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड की चिरायु की दूसरी टीम द्वारा 05 सितंबर को आंगनबाड़ी केंद्र सलिहाभाठा, प्राथमिक शाला सलिहापारा, प्राथमिक शाला जोंधरीबारी व आंगनबाड़ी केंद्र जोंधरीबारी में अपनी सेवाएं देंगे एवं 07 सिंतबर को चिरायु डे निर्धारित है।कोरबा विकासखण्ड में चिरायु की पहली टीम द्वारा 05 सितंबर को प्राथमिक शाला घोटमार, बैगामार एवं 07 सितंबर को प्राथमिक शाला रजगामार, चिरायु की दूसरी टीम द्वारा प्राथमिक शाला परसाभाठा एवं माध्यमिक शाला पाड़ीमार बाल्को व प्राथमिक शाला इमलीडुग्गु, चिरायु की तीसरी टीम द्वारा प्राथमिक शाला खड़िया गोढ़ी, ज्ञानज्योति स्कूल कोरबा पहुंच कर देंगे अपनी सेवाएं। पाली विकासखण्ड अंतर्गत चिरायु की पहली टीम द्वारा प्राथमिक शाला पचपेड़ी, कर्रानारा, मनीपुर एवं बालक आश्रम सिल्ली एवं 07 सितंबर को माध्यमिक शाला शिवपुर, प्राथमिक शाला उदयनगर, प्राथमिक शाला बंधियापारा तथा चिरायु की दूसरी टीम द्वारा प्राथमिक शाला रंगोले, माध्यमिक शाला रंगोले में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचेंगे। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड में चिरायु की पहली, दूसरी व तीसरी टीम द्वारा 05 सितंबर को चिरायु डे निर्धारित है। 07 सितंबर को चिरायु की पहली टीम द्वारा प्राथमिक शाला अमलिकुंडा, माध्यमिक शाला अमलिकुंडा, प्राथमिक शाला मुड़मीशनी, चिरायु की दूसरी टीम द्वारा 07 सितंबर को प्राथमिक शाला खराती, पुता, पटेलपारा, चिरायु की तीसरी टीम द्वारा 07 सितंबर को हाई स्कूल बिंझरा का विजिट कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

### 76 आंगनबाड़ी सहायिकाओं की होगी भर्ती

कोरबा। एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया में 76 आंगनबाड़ी सहायिकाओं का भर्ती प्रक्रिया 28 अगस्त से प्रारंभ की जा चुकी है। 12 से 26 सितंबर तक इस संबंध में आवेदन चोटिया स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में लिया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मोबाइल नंबर 9926422577 में संपर्क किया जा सकता है।

### एनीकट से लूटे गए सामान को बिलासपुर कबाड़ी के पास बेचने के आरोप में अपचारी बालक सहित अन्य गिरफ्तार

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत बांगो थाना के ग्राम पचरा के पास तान नदी पर निर्माणधीन एनीकट स्थल पर सुपरवाइजर और चौकीदार को बंधक बनाकर सामान लूटने के मामले में पुलिस ने अपचारी बालक सहित अन्य कथित आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। सभी गिरफ्तार कथित आरोपी कटघोरा निवासी बताये जा रहे हैं। वारदात के बाद लूटे गए सामान को बिलासपुर में कबाड़ी के पास बेचा जाना बताया जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार बांगो थाना के ग्राम पचरा के पास तान नदी पर एनीकट निर्माण हो रहा है, जहां ठेका कंपनी के कैंप में नकाबपोश बदमाश पहुंच सुपरवाइजर विजय साहू और चौकीदार हेमंत तंवर को बंधक बनाकर वहां से चार बैटरी, दो पानी पंप सहित 80 लोहा प्लेट उठाकर पिकअप में ले गए थे।घटना की रिपोर्ट पर बांगो थाना में केस दर्ज किया था। जांच-पड़ताल के दौरान कथित आरोपियों के कटघोरा निवासी होने का पता चला। पुलिस के अनुसार 5 कथित आरोपियों सहित एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया हैं। उनके द्वारा सामान पार करने के बाद पिकअप में सामान लोड कर बिलासपुर जाकर कबाड़ी के पास सामान को बेचा गया। पुलिस ने कथित आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रयुक्त पिकअप व बाइक सहित नकदी रकम 4700 रुपए जब्त कर लिया। वारदात का मुख्य आरोपी फरार बताया जा रहा हैं, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस पतासाजी में जुटी है।

## मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों की हुई प्रीसिंटिग बैठक



कोरबा। आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं तहसील स्तर के समस्त न्यायालयों में किया जावेगा। माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा शासकीय एवं निजी बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक, बीमा कंपनी के अधिवक्ता एवं क्लेमेन्ट अधिवक्ताओं की बैठक आज दिनांक 04 सितम्बर 2024 को जिला न्यायालय परिसर कोरबा के विडियो कान्फेसिंग कक्ष में ली गई। माननीय अध्यक्ष महोदय जी के द्वारा बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्ताओं को राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण करने का प्रयास किये जाने पर चर्चा करते हुये कहा गया कि मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का आपसी राजीनामा से निराकरण होने पर बीमा कंपनी एवं आवेदक दोनों को फायदे में रहते है। अतः अधिक से अधिक प्रकरणों को आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण करने का प्रयास किया जावें। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हांकित करते हुये नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया ।उक्त बैठक में जिला अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, श्रीमती गरिमा शर्मा, श्री अश्वनी कुमार चतुर्वेदी, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, तथा तालुका विधिक सेवा समिति कटघोरा के पीठासीन अधिकारी श्रीमती मधु तिवारी, श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, विडियों कान्फेसिंग के माध्यम से शामिल हुये। यूनाईटेड इंडिया कंपनी के अधिकारी जे. शंकर शैलेजा, सहायक प्रबंधक, श्री संतोष मोदी, श्री आर.एन. राठौर, श्री श्रवण केंवट, सी.बी. राठौर, एन.के. पासवान, राजकुमार यादव, सुमन तिवारी, अनिता चाको, दिलीप प्रधान, ब्रजेश कुमार यादव उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति एवं पदोन्नति पर किया गया विदाई समारोह का आयोजन



कोरबा । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में पूर्व में कार्यरत सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री घनश्याम जाटवर एवं प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत सुश्री मानकी लहरे और श्री शिव कुमार दिवाकर को आज विद्यालय परिवार की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री रामनाथ बघेल, व्याख्याता श्रीमती एन. धनलक्ष्मी, श्री गोपाल प्रसाद भारद्वाज, श्री राजेंद्र प्रसाद तिवारी, श्रीमती सरोज पाण्डेय, अहिल्या साहू, नेहा चंद्रा, श्री हीरा दास रात्रे, नीलम रात्रे, डी आर कुर्रे, श्री रोहित साहू, श्री चंद्रभूषण डनसेना सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।विदाई समारोह में प्रभारी प्राचार्य ने सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री जाटवर तथा पदोन्नत सुश्री लहरे और श्री शिवकुमार के विद्यालय में योगदान को बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री घनश्याम जाटवर पूर्व माध्यमिक शाला रजगामार में 20 जनवरी 1995 से 21 अक्टूबर 1997 तक प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत रहे। तत्पश्चात् 16 जुलाई 2002 से 15 जुलाई 2015 तक प्राचार्य पद पर कार्यरत रहे। उन्होंने प्राचार्य पद पर कार्य करते हुए छात्रों एवं पालकों के बीच मधुर सम्बन्ध एवं पुरे स्टाफ के सहयोग से विद्यालय को हर क्षेत्र में ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 30 अप्रैल 2019 को प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए। जिन्हे आज विद्यालय परिवार द्वारा शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर विदाई दी गई। इसी प्रकार विद्यालय से प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत सुश्री मानकी लहरे एवं श्री शिव कुमार दिवाकर को भी विद्यालय परिवार द्वारा विदाई देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### चोर सूने मकानों को निशाना बना सोने-चांदी के सामान व नगदी पर कर रहे हाथ साफ, पुलिस के लिए बनी बड़ी चुनौती

कोरबा/पाली। बीते एक माह से नगर सहित आसपास ग्रामीण इलाकों के सूने मकानों को सक्रिय चोरों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। जिनके हौसलों के चलते ताला लटके घरों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं और जो सोने- चांदी के सामानों व नगदी पर हाथ साफ करने की घटना को अंजाम देने के बाद आसानी से निकल जा रहे है। जो स्थानीय पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर रह गया है।

पाली थानांतर्गत पिछले एक महीने से चोरी की वारदातें बढ़ी हैं। नगर के पाश कालोनी में अधिकारियों- कर्मचारियों के सूने मकानों के जहां ताले तोड़ चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है तो आसपास ग्रामों के घरों के भी कुंदे तोड़े गए है तथा शातिर चोर केवल सोने- चांदी के सामानों सहित नगद राशि लेकर रफूचक्कर हो रहे है, इसके अलावा अन्य किसी भी महंगे चीजो को हाथ नही लगा रहे है। चोरों का टारगेट केवल सोना- चांदी जिसे आसानी से कोई भी बिना किसी हिचक के कम दाम पर खरीद सकता है और नगदी जो कहीं पर भी चल सकता है। चोर के पकड़े जाने तक जिसका कोई सुराग हाथ नही लग सकता। चोरी की जिन घटनाओं की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस किसी भी घटना से पर्दा उठाने में फिलहाल नाकाम ही रही है। घटनाओं के बाद पुलिस के पास खाली लकीर पीटने के अलावा कुछ भी हाथ नहीं लग पा रहा है। पिछले एक माह में करीब दर्जनों घरों में चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता में कमी के चलते वारदातें बढ़ रही हैं। कहा कि पुलिस रात को सायरन बजाते गश्त तो जरूर करती है किंतु आधी रात्रि के बाद सन्नाटा पसर जाता है, जिसका फायदा सक्रिय चोर वर्ग उठा जाते है। ऐसे में नगर से लेकर ग्रामीण इलाके भी वर्तमान में महफूज नही है। यदि पुलिस अपने मुखबिर तंत्र को साथ लेकर गंभीरता से सक्रियता बरते तो चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे चोरों को आसानी से पकड़ा जा सकता है।

# बिना जमीन के खसरा संधारण 5.17 एकड़ हो गया 6.02 एकड़

## लछनपुर में शासकीय जमीन का घोटाला



**जांजगीर-चांपा।** जिले में शासकीय जमीन लछनपुर के शासकीय धरसे को निजी लाभ के लिए बिल्डर द्वारा सरकारी आम निस्तारी धरसे की जमीन को विलोपित करके बेजाकब्जा करने का मामला सामने आया है। राजस्व विभाग ने मामले को संज्ञान में लिया और मामले की जांच करवाकर न्यायालय तहसीलदार ने स्थगन आदेश जारी कर मौका चस्पा कर बिल्डर को नोटिस जारी किया गया है।

संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आरोप है कि नारायणी बिल्डर पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण सहित शासकीय धरसा मे कब्जा पाया गया है। मजे की बात यह है की उक्त भूमि सभी खसरा सहित 5.17 एकड़ है पर जिले के राजस्व अधिकारियों के रहमो करम से एक नया खसरा अभिशरण कर प्रतिवेदित किया गया है जिसका नक्शा विना स्थल निरीक्षण के आरआई के द्वारा बना दिया गया और नया नक्शा काटा गया। अधिकारी के इस कृत्य पर से पर्दा उठ गया है। जो घोर लापरवाही की श्रेणी में आता है। मौके में भूमि 5.17 एकड़ है। जिसे 6.02 एकड़ रजिस्ट्री कर नामंत्रित कर दिया गया। इसके बाद राजस्व विभाग ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच के लिए पटवारी को निर्देशित किया था। जांच के बाद पटवारी ने तहसीलदार को जांच प्रतिवेदन दिया। जिसमें शासकीय जमीन पर सड़क का निर्माण करना प्रतिवेदित किया गया। इसके आधार पर जवाब पेश करने न्यायालय में तलब किया है। इसके अलावा लछनपुर के सरकारी घांस (धरसा) जमीन पर कई लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। लेकिन अधिकारियों के साथ साठ-गांठ के कारण कोई कार्रवाई नहीं होती है। कब्जाधारियों के चलते सरकारी जमीन खत्म हो रही है। दूसरी ओर जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस मामले का उजागर जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर के द्वारा किया गया है जिस पर अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

वही जो शिकायत जिला पंचायत की सदस्य ने की है वह अत्यंत गंभीर है। कुछ अधिकारी इस मामले को दबाने के लिए संबंधित लोगों से साथगांठ करने मे लगे हुए हैं।ज जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर का कहना है कि संतोष जनक कार्रवाई नहीं होने पर आगामी सदन में यह प्रश्न उठाया जाएगा साथ ही मुख्यमंत्री से शिकायत भी की जाएगी।

## समग्र शिक्षा से छात्रों के कौशल में अभिवृद्धि

**चांपा।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा जारी पत्र के तहत, राज्य के बच्चों में रचनात्मक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से, सभी प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में साप्ताहिक रचनात्मक लेखन का कार्य शुरू किया गया है। इसके तहत बम्हनीडीह के शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की सहायक शिक्षक ममता जायसवाल ने स्कूल में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लेखन कौशल करवाया।

इस दौरान शिक्षिका ममता जायसवाल ने बताया कि रचनात्मक लेखन से बच्चों में साक्षरता कौशल व रचनात्मकता का विकास होता है। जो बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा भी बच्चों के रचनात्मक लेखन पर जोर देती है जो बच्चों के लिए सबसे जरूरी है। साक्षरता कौशल एवं लेखन ताकि वे अपने विचारों को लिखित रूप से स्पष्ट और सुसंगत रूप से व्यक्त करने में सक्षम हो सके। जिन गतिविधियों का हम प्रयोग कर हम उन्हें बताते है उसे वे सुनकर, देखकर, समझकर बिना देखे, रटे अपने विचारों को लिख सके। इससे उनमें रूचि बढ़ती है और वे स्व-लेखन पर जोर देते हैं। जब उनमें सोचने व व्यक्त करने की समझ आ जाती है तो उन्हें लिखने में कोई कठिनाई नही होती है। आगे बतायाा क कक्षा में नियमित लेखन का अभ्यास कराया जाता है और उनका फीडबैक भी लिया जाता है।

## सरपंच पति द्वारा स्कूल में शिक्षकों के साथ किया गया गाली गलौज

**जांजगीर चांपा।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी (चाम्पा) के सरपंच पति चन्द्रकुमार राठौर द्वारा अध्यापन कार्य में विघ्न डालने तथा शिक्षकों को टॉर्चर करने का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत प्रधान पाठक सहित अन्य शिक्षकों ने कलेक्टर से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस आशय की शिकायत उन्होंने लिखित तौर पर कलेक्टर को सौंपा है ताकि भविष्य में ऐसे कार्यों की पुनरावृति न हो।

इस संबंध में अवगत हो कि 31अगस्त शनिवार को शासकीय कन्या पूर्व माध्य. शाला सिवनी-चांपा की कक्षायें चल रही थी, तभी सिवनी ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती लखेकुमारी राठौर का पति चन्द्रकुमार राठौर वहां आये और प्रधान पाठक एवं शिक्षकों को सभी बच्चों और स्कूल स्टाफ के सामने इस बात के लिए मानसिक रूप से टार्चर करने लगे कि स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में गांव के उपसरपंच चन्द्रदेव साहू को क्यों आमंत्रित किये। उनका यह कहना था कि उपसरपंच से उनकी दुश्मनी है इसलिए उनकों स्कूल में नहीं बुलाना था। जब प्रधान पाठक ने बताया कि गांव के सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मान के साथ आमंत्रित किया गया था, इस बात से सरपंच का पति भड़क गया और सबके सामने प्रधान पाठक और पूरा महिला शिक्षक स्टाफ से चिल्लाकर बदतमीजी पूर्वक व्यवहार करने लगा। चन्द्रकुमार राठौर के द्वारा बच्चों और महिला शिक्षकों के सामने उपसरपंच के संबंध में गंदी गाली देकर पूरा माहौल खराब कर सभी शिक्षकों को भयभीत करने का प्रयास किया। उनके चिल्लाने से प्राथमिक कन्या शाला के सभी स्टाफ, रसोईया महिला समूह के लोग और सभी बच्चे अपमान और शर्मीन्दगी महसूस करने लगे थे।

प्रधान पाठक ने बताया कि सरपंच का पति चन्द्र कुमार राठौर हमारे संस्था का शाला प्रबंधन समिति के नए अध्यक्ष नियुक्त हुए है, इसके बावजूद हमको सहयोग करने के बजाय हमे सबके सामने अपमानित कर हम समग्र शिक्षक स्टाफ पर बेवजह मानसिक दबाव बनाकर हमें प्रताड़ित भी किया जा रहा है।

जिससे हम अपना दायित्व निभा पाने में असहज हो रहे है। शिक्षकों ने संरक्षण प्रदान करने के साथ-साथ उचित कार्रवाई करने की मांग करते हुए कलेक्टर एवं एसपी से गुहार लगाई है अब देखना यह है कि जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हैं। सबसे ध्यान देने वाली बात यह की सरपंच पति चंद्रकुमार राठौर एवं उपसरपंच के बीच बनी राजनैतिक लड़ाई स्कूल तक जा पहुंची है जिनका गुस्सा सरपंच पति द्वारा गांव के शिक्षकों के ऊपर निकाला जा रहा है। जबकि यहां पदस्थ प्रधान पाठक सहित सभी शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन कर स्कूल तक ही सीमित है। परंतु सरपंच पति द्वारा इन्हें खुला आम धमकी देना सही कार्य नहीं है। ऐसे तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## आवारा पशुओं के लिए व्यवस्था करने सरपंच ने लिखा कलेक्टर को पत्र



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर के समीप स्थित ग्राम पंचायत खोखरा के सरपंच राधेलाल थवाईत ने कलेक्टर को पत्र लिखकर आवारा पशुओं के रख रखाव एवं चारा आदि का व्यवस्था करने के लिए आग्रह किया है। ताकि मवेशियों का आकाल मृत्यु ना होने पाए।

ग्राम खोखरा के सरपंच राधेलाल थवाईत ने कहा है कि है ग्राम पंचायत खोखरा में अत्याधिक संख्या में आवारा गौवंशीय पशु ग्राम के किसानो के फसल को नुकसान कर रहे है साथ ही रात्रिकाल में सड़को पर मवेशी जमावड़ा कर के बैठे रहते है जिससे लगातार दुर्घटना हो रहा है। इतना ही नहीं बल्कि नगर पालिका जांजगीर नैला द्वारा जांजगीर के आवारा पशुओ को रोजाना खोखरा में छोड़ा जा रहा है, जो आसपास के ग्राम मुकुंद, भड़ेसर, मेंहदा, धाराशिव,पेंड्री आदि से भी लगातार ग्राम खोखरा के क्षेत्र में आवारा गोवंशीय पशुओ को छोड़ा जा रहा है, जिससे भारी मात्रा में ग्राम पंचायत खोखरा के किसानो की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन मवेशियों द्वारा फसलों को चर दिए जाने के कारण किसानों का फसल पूरी तरह से बर्बाद होने लगा है, जिसके कारण गांव में भी नाराजगी देखी जा रही है इसके लिए जबरन लोगों में वैमनस्यता बढ़ने लगा है। सरपंच राधेलाल थवाईत कलेक्टर से आग्रह कर कहा है कि इस विषय पर संज्ञान लेते हुए आवारा पशुओं के लिए उचित व्यवस्था की जाय। सरपंच राधेलाल थवाईत के साथ,गनेशराम बरेठ,महेश राम बरेठ, मनहरन बरेठ,राजकुमार सहित अन्य लोगों ने मिलकर यह फरियाद की है।

## चतुर्थी से पहले गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप

**बाराद्वार।** नगर सहित आसपास के गांवों में गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन गणेश जी के स्थापना को लेकर नगर में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष भी भक्तों द्वारा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ गणेशोत्सव मनाया जाएगा।

पर्व को लेकर नगर की सड़कों झालरों से सजाया गया है। अंचल में प्रसिद्ध मारवाड़ी धर्मशाला व झांकियां के अलावा अन्य जगहों में विराजित गणेश जी को लेकर सभी गणेशोत्सव समिति की तैयारियां अंतिम चरण में है। मारवाड़ी धर्मशाला में विराजित गणेशजी सहित पूरे नगर में छोटे-बड़े पंडाल निर्माण कर करीब 20 विभिन्न स्थानों पर गजानन जी की मूर्ति विराजित की जाएगी।

## फर्जी विकलांग सर्टिफिकेट से नौकरी हथियाने का मामला आया सामने

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ निशक्त जन अधिकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष राधाकृष्ण गोपाल ने फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट के सहारे नौकरी करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग कलेक्टर आकाश छिकारा से की है। वही इस आशय की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से भी किया गया है परंतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

शिकायतकर्ता ने अपने पत्र में कहा है कि फर्जी (गलत)द्विव्यांगता प्रमाण के आधार पर शासकीय नौकरी में लगे सुधेश सिंह चंदेल को बर्खास्त करने लायक है क्यों कि सुधेश कुमार सिंह चंदेल पिता स्व. मनहरण सिंह चंदेल जो कि ग्राम-लछनपुर, पोस्ट-झरना, विकासखण्ड-बम्हनीडीह, तहसील-चाम्पा का निवासी है। जो वर्तमान में विकासखण्ड-बम्हनीडीह के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हारीकला में सहायक शिक्षक के पद पर रहते हुए सुधेश कुमार सिंह चंदेल विगत 1998 से 30 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र फर्जी तौर पर बनवाकर शासकीय नौकरी का लाभ ले रहा है। चूंकि शासकीय नौकरी का लाभ लेने के लिये 40 प्रतिशत की दिव्यांगता अनिवार्य है। सुधेश कुमार सिंह चंदेल द्वारा पिछले 26 वर्षों से 30 प्रतिशत के फर्जी, गलत द्विव्यांगता (विकलांगता) प्रमाण के आधार पर शासकीय नौकरी करते हुए शासन को गुमराह किया जा रहा है, जो कि एक बहुत ही गंभीर अपराध है। सबसे ध्यान देने वाली बात यह है कि वह हाथ पैर से पूरी तरह से स्वस्थ है जो कि फर्जी तरीके से विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाकर नौकरी हासिल कर लिए हैं सुधेश कुमार सिंह चंदेल के दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण संभागीय मेडिकल बोर्ड से कराकर बर्खास्त किया जाना चाहिए।

यहां यह बताना आवश्यक है कि इस जिले में अनेक ऐसे लोग हैं जो फर्जी विकलांग सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी हासिल कर लिए हैं जो हाथ पैर से पूरी तरह से स्वस्थ होने के बावजूद भी चिकित्सको से सांठ गांठ कर फर्जी तरीके से नौकरी हासिल कर वास्तविक हकदारों का हक छीन लिए हैं ऐसे लोगों के ऊपर ठोस कार्रवाई करते हुए योग्य उम्मीदवारों को उनके स्थान पर नियुक्त किया जाना लोकहित में ही नहीं बल्कि सामाजिक हित में भी आवश्यक है,क्योंकि सामाजिक दृष्टि से दिव्यांग लोगों को समाज में स्थापित करने के लिए शासन स्तर पर ऐसी व्यवस्था दी गई है। जिसे अब हाथ पैर से स्वस्थ लोग फर्जी तरीके से हासिल कर इन्हें अपने अधिकारों से वंचित कर दिए हैं ऐसे फर्जी लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हे जेल भेजे जाने की सख्त आवश्यकता है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में रैगिंग, शिक्षक मौन

### 9वीं के छात्रों ने छठवीं के छात्र को पीटा

**जांजगीर चांपा।** नवोदय विद्यालय में रैगिंग का मामला सामने है। पांच सीनियर छात्रों ने एक जूनियर छात्र के साथ मारपीट की जिससे छात्र को चोट आई। पीड़ित छात्र के पिता ने रैगिंग में संलिप्त सभी छात्रों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर विद्यालय के प्राचार्य से लिखित शिकायत की थी। जिस पर विद्यालय के प्राचार्य ने पांचों छात्रों को निलंबित कर दिया है। पूरा मामला हसौद क्षेत्र के ग्राम चिस्दा में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय का है, जहां 31 अगस्त की देर रात 9वीं कक्षा के 6 छात्रों ने आपस में मिलकर 6वीं कक्षा के एक छात्र के साथ मारपीट की और किसी दूसरे को बताने पर दोबारा मारपीट करने की धमकी दी थी।

छात्र के हाथ, पीठ व कलाई में चोट आई है। पीड़ित के पिता की शिकायत के बाद प्राचार्य ने रैगिंग में शामिल सभी 6 छात्रों को 15 दिवस के लिए निलंबित कर दिया है। हसौद तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल की अध्यक्षता -में 4 सितंबर को जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा के प्राचार्य कक्ष मे बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीड़ित छात्र व मारपीट करने वाले छात्रों के अभिभावक शामिल हुए जिन्होंने बारी-बारी कर अपना पक्ष रखा। मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार ने -छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अनुशासन समिति को इस मामले में निर्णय लेने, घटना की रात कार्यरत चौकीदार को स्पष्टीकरण देने, अनुशासन में -रहकर विद्यालय में अध्ययन करने बच्चों को समझाइश देने पलकों को समझाया गया। किसी प्रकार की कोई भी अपने घटना होने पर तत्काल प्राचार्य को सूचना देने संबंधित कई जरूरी निर्देश दिए। नवोदय विद्यालय के उच्च कक्षा के बच्चों को अनुशासन से रहने समझाइश दी गई।

## 6 सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन परिचय पत्र जारी

**जांजगीर-चांपा।** जिले में कार्यरत अफसर-कर्मियों के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर पेंशन भुगतान आदेश व मृत्यु सह सेवानिवृत्ति उपदान भुगतान आदेश जारी किया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने वाले 6 कर्मचारियों को पीपीओ और जीपीओ की कॉपी दी है। विक्टर मिंज, गोरे लाल खुंटे, नोखे लाल पटेल, अनुप कुमार गुप्ता, सुरेश साहू व विनोद कुमार तिवारी को सम्मानित कर पेंशन भुगतान आदेश, मृत्यु सह उपदान भुगतान आदेश एवं पेंशन परिचय पत्र प्रदाय किया गया।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में गति शक्ति यूनिट के लिये सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से मासिक पारिश्रमिक के आधार पर नीचे बताये गये विभिन्न श्रेणियों के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:-

| क्रमांक | विभाग | श्रेणी | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | संकेत एवं दूरसंचार | व.अनु.अभि./संकेत | 01 |
| | | कुल | 01 |

अधिसूचना एवं आवेदन पत्र की जानकारी https://secr.indianrailways.gov.in में उपलब्ध है।
a.(Recruitment/News/PressRelease-Recruitment-Bilaspur)
b. (Dept/Div. of SECR-Division-BILASPUR-Personnel-Notification)
1. आवेदन की अंतिम तिथि: 02-10-2024
2. उपरोक्त चयन प्रक्रिया के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित करने की निर्धारित तिथि दिनांक 07-10-2024 (सोमवार) को 11.00 बजे, स्थान व. मंडल कार्मिक अधिकारी/बिलासपुर के कार्यालय कक्ष में करने का निर्णय लिया गया है।

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करें।
1. सेवा प्रमाण पत्र 2. पेंशन पहचान पत्र 3. पीपीओ
उपरोक्त दस्तावेज आवेदन के साथ पीडीएफ फारमेट में ई-मेल srdpo.omr@gmail.com में जमा करें।

मंडल कार्मिक अधिकारी
कृते. वरि. कार्मिक अधिकारी

सीपीआरओ/19/FL/230

South East Central Railway @secrail


## चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

जांजगीर चांपा ।चरित्र शंका को लेकर पत्नी की लाठी-डंडे से पीट-पीटककर हत्या करने वाले आरोपी पति को सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार 6 जनवरी 2023 को चितरेखा सारथी ने थाने में सूचना दी कि उसकी बहन सुलेखा सारथी पर उसके पति संपत सारथी ने धारदार हथियार टंगिया व लकड़ी, डंडा से जानलेवा हमला कर दिया। सिर व गर्दन में चोट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी अपनी पत्नी सुरेखा सारथी के चरित्र पर शंका करता था। शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। 6 जनवरी 2023 को छेरछेरा त्यौहार के दिन 3 बजे लगभग आरोपी व मृतिका सुरेखा के बीच चरित्र शंका की बात पर घर के पीछे बाड़ी पर विवाद हुआ। विवाद बढ़ जाने पर आरोपी ने पास पर पड़े, लकड़ी के

बैठ से कई बार मारा। इससे वह गिर गई और गिर जाने के बाद टंगिया से उसके गले में मारा। फिर घर में ताला लगाकर अपने पुत्र को चाबी देने चला गया। इस दौरान वह रो रहा था। साथ ही कह रहा था कि कुछ भी हो जाए, मेरा ही नाम ही आए। संपूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र पुलिस ने न्यायालय को सौंप दिया। अभियोजन की ओर से तर्क दिया गया कि आरोपी द्वारा अपनी पत्नी पर चरित्र शंका कर टंगिया से वारकर उसकी हत्या की गई है। यह गंभीर प्रकृति का अपराध है। कठोर से कठोर दंड दिया जाए।

जिस पर सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने बिलाईगढ़ जिला के घरसिया थाना अंतर्गत गांव बालपुर निवासी सम्पत सारथी पिता स्व. मंगल सारथी (44) को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 6 माह अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने पैरवी की।

## प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान बनाने पर शिवांगी को मिला गोल्ड मेडल

**जांजगीर-चांपा।** अटलबिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के द्वारा पांचवां दीक्षांत समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों पर पीएचडी डिग्री एवं उच्च शिक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त मेघावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दीक्षांत समारोह में उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति प्रशांत मिश्रा, छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कुलपति अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी, केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, एवं वरिष्ठजनों ने बैचलर आफ साइंस (आनर्स) कम्प्यूटर साइंस की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल करने पर शिवांगी पाण्डेय को गोल्ड मेडल प्रदान किया। शिवांगी प्रतिष्ठित नागरिक मुकेश पाण्डेय एवं श्रीमती नीतू पाण्डेय की सुपुत्री है। शिवांगी के प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर परिजनों में हर्ष व्याप्त है।

## तालाब में नहाने के दौरान बालिका की मौत

**अकलतरा।** खटोला नहर में एक 6 वर्षीय बालिका की लाश बहती हुई मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा खटोला नहर पहुंचकर लाश को नहर से निकाला गया एवं बच्ची के बारे में पतासाजी कर परिजनों को सूचना दी गई व लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस संबंध में यह बताना जरूरी है कि खिसोरा पंतोरा के रहने वाले अमर लाल धनवार परिवार सहित सरायपाली पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। कार्यक्रम के दूसरे दिन परिवार की अन्य महिलाओ के साथ अमर धनवार की पत्नी अपनी पुत्री ज्योति धनवार उम्र 6 वर्ष को लेकर नहर में नहाने गयी थी। नहाने के दौरान ही वह लहर मे बह गयी तब लोगो ने नहर विभाग और पुलिस को सूचना दी। इधर अकलतरा के खटोला में लोगो:ने एक बच्ची की लाश को देखा तो उन्होने अकलतरा पुलिस को खबर दी। अकलतरा पुलिस सूचना मिलने पर मां कर्मा एंबुलेंस द्वारा बालिका के शव को निशुल्क पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।



## ग्राम पंचायत व नगरीय निकायों में लगाया एनीमिया जांच शिविर

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत जिले के समस्त ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों व नगरपालिकाओं की मलिन बस्तियों में एनीमिया जांच कैम्प और शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि एनीमिया जांच कैम्प के माध्यम से बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं व शिशुवती माताओं के स्वास्थ्य की रक्षा हेतु उचित पोषण आहार के महत्त्व के विषय में जानकारी दी।

साथ ही राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छूटे बच्चों के लिए मॉपअप दिवस का आयोजन किया। इसी क्रम में जिले सभी बाल देखरेख संस्थाओं में एनीमिया जांच कैम्प आयोजन कर बाल देखरेख संस्थाओं के बच्चों को लाभांवित किया। महिला व बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## जर्वे में फसल कीट का प्रबंधन करने के लिए किसानों को बताए तरीके

**जांजगीर-चांपा।** कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर जर्वे में केन्द्र की 50 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान स्वर्ण जयंती के अवसर पर विभाग ने प्रगतिशील कृषकों को फसलों के रोग व कीट प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया। इस क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. राजीव दीक्षित ने कृषि विज्ञान केंद्र के महत्व को बताया और कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रथम कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना वर्ष 1974 में पांडीचेरी, तमिलनाडु में की थी।

इसका उद्देश्य कृषकों को नवीनतम तकनीक से रूबरू कराना, कृषि विभाग के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना, कृषकों के खेत में प्रक्षेत्र प्रदर्शन और अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का संचालन करना था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल, डॉ. एसएस टुटेजा, डॉ. राजीव दीक्षित, डॉ. बीएस राजपूत, चन्द्र शेखर खरे, आशुलता ध्रुव व अन्य मौजूद रहे।

किसानों को सब्जी में लगने वाले कीट व बीमारी से बचाव के तरीके बताए, कई विषयों पर चर्चा भी



की स्वर्ण जयंती मशाल यात्रा के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों एवं सब्जी उत्पादक किसानों को सब्जियों में लगने वाले विभिन्न कीट एवं बीमारियों की जानकारियां एवं रोकथाम के उपाय बताए गए। केंद्र के पौध रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष प्रधान ने सब्जियों में विशेष कर टमाटर एवं बैगन में लगने वाले उकठा रोग की जानकारी दी। कीट वैज्ञानिक रंजीत मोदी ने सब्जियों में लगने वाले कीटों कि रोक थाम हेतु समंवित कीट नियंत्रण के उपाय बताए।

## राणी सती का मंगलमय उत्सव मनाया नगर में

**बाराद्वार।** स्थानीय रामचंद्र राइस मील परिसर में स्थित प्रसिद्ध राणीसती दादी के मंदिर में 2 से 3 सितंबर तक दो दिवसीय दादी जी का भादवा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भादवा महोत्सव के पहले दिवस 2 सितंबर को दोपहर 1 बजे से 71 महिलाओं ने सस्वर मंगलपाठ किया। इसके बाद 3 सितंबर की सुबह से दूर-दूर से दादी भक्तों का आना शुरू हुआ।

सुबह से लेकर रात तक भजन कीर्तन का दौर चलता रहा, जिसके बाद देर रात्रि को पूज्य दादीजी की महाआरती के बाद दादी का भादवा महोत्सव संपन्न हुआ। दादी के भादवा महोत्सव में राणीसती दादी के सैकड़ों भक्त श्रद्धा भाव से दर्शन कर अपनी मनौतियां पूरी करने की मन्नतें मांगने आते हैं। पूरे मंदिर परिसर में गुब्बारे, फूलों एवं विद्युत झालरों से आकर्षक सजावट की गई थी। इ सके अलावा नगर के जैजैपुर नाका चौक के पास अजय मील परिसर में स्थित व पुराना नगर पंचायत कार्यालय के पास श्यामलाल सांवडिया के गोदाम परिसर में स्थित मां राणीसती दादी के मंदिर में भी मंगल पाठ के साथ भादवा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कल से

**अकलतरा।** नगर के जानकीलाल लिखमानिया धर्मशाला में



सिंघानिया परिवार द्वारा 6 से 13 सितंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा में वृंदावन धाम के कथावाचक पंडित अवनिश तिवारी श्रीमद् भागवत कथा वाचन करेंगे। दीपक सिंघानिया ने बताया कि 6 सितंबर को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होने के साथ नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 7 सितंबर को श्री कपिल पूजन, 8 सितंबर को प्रहलाद पूजन, 9 सितंबर को श्री वामन जन्म, श्री राम जन्म, भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 10 सितंबर को रुक्मणी कृष्ण विवाह, 11 सितंबर को सुदामा चरित्र व्यास पूजन, 12 सितंबर को सती चरित्र ध्रुव चरित्र भरत चरित्र व 13 सितंबर को तुलसी वर्षा हवन एवं शेष धारा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा।

## श्रीमती यज्ञसेनी पाढ़ी दिवंगत

**चांपा।** स्थानीय पाढ़ी घाट स्थित पाढ़ी मंदिर के पुजारी कृष्णचंद्र पाढ़ी की धर्मपत्नी तथा गौरीशंकर पाढ़ी की माता श्रीमती यज्ञसेनी पाढ़ी का सोमवार 2 सितम्बर को निवास पर निधन हो गया। वे 74 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती पाढ़ी अपने पीछे दो पुत्रों एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 3 सितम्बर को सुबह 9 बजे मवेशी बाजार स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र गौरीशंकर पाढ़ी ने दी।

## अनमोल वचन......

**साहस के साथ समस्याओं से उलझने वाले ही, समस्याओं का समाधान करते हैं।**

## महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर राष्ट्र की चिंता

राष्ट्रपति को राष्ट्रीय विवेक का प्रतिनिधि समझा जाता है। इसलिए दलगत सोच से उठ कर इस पद का सम्मान किया जाता है। मगर भारत में सियासी और वैचारिक ध्रुवीकरण इतना तीखा हो चुका है, अब राष्ट्रपति को भी दलगत संदर्भों में देखा जाने लगा है। राष्ट्रपति ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर राष्ट्र की चिंता जताई है। द्रौपदी मुर्मू की इस बात से पूरा देश सहमत होगा कि देश में महिलाओं को कमजोर मानने की मानसिकता बनी हुई है। मुर्मू ने कहा- 'जो लोग ऐसी सोच रखते हैं, वे इससे भी आगे जाकर महिला को वस्तु मानने लगते हैं।' उनके इस आह्वान में भी सारा देश अपना स्वर मिलाएगा कि 'बेटियों की स्वतंत्रता की राह से रुकावटों को हटाना हमारी जिम्मेदारी है।' इसके बावजूद राष्ट्रपति के वक्तव्य पर जनमत के एक बड़े हिस्से में तीखी प्रतिक्रिया देखी गई, तो उसकी वजह है कि महामहिम ने अपनी इस व्यापक चिंता को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की बहुचर्चित घटना से जोड़ दिया। मूर्मू ने कहा- 'इस घटना से राष्ट्र आक्रोश में है और मैं भी हूं।' अब चूंकि राष्ट्रपति ने अपनी चिंता को प्राथमिक रूप से कोलकाता की घटना से जोड़ा, तो लोगों का ध्यान सहज ही इस ओर चला गया कि उन्होंने वक्तव्य उसी रोज जारी किया, जिस दिन भारतीय जनता पार्टी ने इस वारदात को लेकर पश्चिम बंगाल बंद की अपील की हुई थी।

इसी का परिणाम हुआ कि विपक्षी दलों ने और सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोगों ने यह सवाल उठा दिया कि क्या राष्ट्रपति तक मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने और उनसे यौन हिंसा करने, उत्तर प्रदेश में हुई महिला अत्याचार की वीभत्स घटनाओं, महाराष्ट्र के बदलापुर की वारदात आदि की खबर नहीं पहुंची थी। राष्ट्रपति ने अपने वक्तव्य को 'महिला सुरक्षाः अब हद हो गई है' शीर्षक दिया है। तो यह सवाल भी उठा है कि ये हद आखिर कब हुई- कोलकाता में ही ऐसा हुआ या राष्ट्रपति लगातार हो रही ऐसी सभी घटनाओं से आहत हैं। राष्ट्रपति को राष्ट्रीय विवेक का प्रतिनिधि समझा जाता है। इसलिए दलगत सोच से उठ कर इस पद पर बैठे व्यक्ति का सम्मान किया जाता है। मगर भारत में सियासी और वैचारिक ध्रुवीकरण इतना तीखा हो चुका है, अब राष्ट्रपति को दलगत संदर्भों में देखा जाने लगा है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुर्मू ने ऐसी धारणाओं को तोड़ने में कोई योगदान नहीं किया है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, वह भी दूर होगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज अपने कॉन्टैक्ट्स के जरीये आपको बिजनेस संबंधी अच्छी जानकारियां मिलेंगी। मार्केटिंग संबंधी काम स्थगित रखें। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को एक्स्ट्रा जिम्मेदारी मिल सकती है। अधिकारियों का दबाव भी रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। घर परिवार में चल रहे लड़ाई झगड़े को आप किसी बाहरी व्यक्ति के सामने ना आने दें। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। आज आपके काम करने की क्षमता में बेहतरीन बदलाव होगा। अपने व्यवहार से लोगों के बीच तालमेल बनाकर रखेंगे। किसी नजदीकी दोस्त की सलाह आपके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज किसी खास काम को लेकर कोशिश कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। किसी खास इंसान की मदद से आपकी हिम्मत और हौसला बढ़ेगा। मोबाइल और ईमेल से अच्छी खबर मिल सकती है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ कुछ विवाद होने की संभावना बन रही है,आप उन्हें समझनें की कोशिश करें। आज परिवारिक गतिविधियों में ही व्यस्तता रहेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर करने की कोशिश सफल रहेगी। प्रभावशाली लोगों के साथ संपर्क बनेंगे। ज

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। विरोधी पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। आज आपके रूटीन में कुछ बदलाव होगा। आज आप जोखिम लेने में पीछे नहीं हटेंगे। ऐसा करने से आपको फायदा भी मिल सकता है। परिवार के किसी समझदार इंसान से महत्वपूर्ण सलाह मिलेगी। जिससे आप बड़े फैसले ले पाएंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आज समय अनुकूल है, लेकिन मेहनत के अच्छे नतीजे हासिल करने के लिए कर्म प्रधान होना पड़ेगा। आज प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने की योजना बनाई है तो वो पूरी हो सकती है। आज परिवार में तालमेल रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आज दोस्तों के साथ मेल मुलाकात होगी। कोई असंभव काम पूरा होने से आप खुश रहेंगे। निजी मामलों का खुलासा बाहरी लोगों के सामने न करें।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से कोई नई सलाह मिलेगी 7 आज घर के बड़े लोगों के मार्गदर्शन में पिछले कुछ समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। नया व्हीकल खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो समय अच्छा है।

**धनु राशिः** आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। आज आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे, आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है। आज आपकी रूटीन में कुछ बदलाव होंगे आप धर्म, योगाभ्यास जैसे कामों में व्यस्त रहेंगे और मानसिक सुकून महसूस करेंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा 7 इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वो आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

**कुंभ राशिः** आजका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना... आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। घर से कलेश दूर हो जायेंगें।

# सर्वसुलभ इंसाफ की उम्मीद को पंख लगे

//ललित गर्ग//

**सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है। न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। यह सुखद, अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक अवसर ही है कि देश के सर्वच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए और विभिन्न आयोजनों में सर्वच्च न्यायालय की भूमिका को अधिक सशक्त बनाने के विषय पर गंभीर मंथन भी हुआ, ऐसे ही आयोजनों में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है' वाली इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की इस स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।'**

सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है। न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, उसे देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए अलार्म बेल माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि जब तक न्यायपालिका देश के आम लोगों को सहजता से इंसाफ तक पहुंचने का रास्ता मुहैया नहीं कराती, तब तक उसका काम पूरा नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है।

अदालतों से न्याय पाने की प्रक्रिया बड़ी खर्चीली है और इसमें बेहिसाब वक्त लगता है। इन दोनों ही का नतीजा इसी रूप में सामने आता है कि इंसाफ की आस लेकर अदालत पहुंचा व्यक्ति फैसला आने तक टूट चुका होता है। इसीलिये राष्ट्रपति ने ठीक ही कहा कि किसी गंभीर अपराध से जुड़े मामले का फैसला आने में 32 साल लग जाए तो लोगों को ऐसा लगना अस्वाभाविक नहीं कि शायद अदालतें ऐसे मामलों को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। राष्ट्रपति ने किसी खास मामले का जिक्र नहीं किया, लेकिन उनका इशारा अजमेर में पॉक्सो अदालत द्वारा इसी 20 अगस्त को सुनाए गए फैसले की तरफ था। एक चर्चित सेक्स स्कैंडल से जुड़े इस मामले में छह लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाने में 32 साल लग गए। यह अपनी तरह का कोई इकलौता मामला नहीं है। बेहद गंभीर और वीभत्स अपराध के सैकड़ों ऐसे मामले हैं, जो अदालतों में बरसों से लंबित पड़े हैं। लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती पर महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों। प्रश्न यह भी है उन्हें समय पर त्वरित न्याय कब मिल सकेगा। दुर्भाग्य से ये प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है।इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। कोलकाता में एक मेडिकल कालेज के अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या कांड ने पूरे देश को उद्वेलित किया है। पूरे देश में अपराधियों को शीघ्र व सख्त दंड देने की मांग की जा रही है। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को मज़बूत करने में न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, ग़रीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ़ कमज़ोर समूहों का योग्य संरक्षक और करोड़ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छोड़कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और क़ानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, बढ़ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी चीज़ों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है-नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है।

निश्चित ही डी.वाई. चंद्रचूड न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा करते रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दिये हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देती रही है। न्याय के इंतजार में कई-कई पीढ़ियां अदालतों के चक्कर काटती रह जाती हैं। देश में शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में मुकदमों का अंबार निश्चित रूप से न्यायिक व्यवस्था के लिये असहज एवं चुनौतीपूर्ण स्थिति है। बताया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या लगभग 80 हजार है। उच्च न्यायालयों में इनकी संख्या 62 लाख के करीब है और निचली अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़। इसका अर्थ है कि लगभग पांच करोड़ लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत हैं। देश में तीनों स्तरों पर लंबित मामले न्यायिक व्यवस्था के लिये एक गंभीर चुनौती है। आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की इस त्रासद न्याय व्यवस्था के बाबत देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करना चाहिए। निश्चित ही भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। लेकिन इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में पर्याप्त न्यायाधीशों व न्यायालयों की उपलब्धता नहीं है।निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक किसी भी मामले के निपटारे के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की संख्या तय होनी ही चाहिए। जैसाकि अमेरिका में किसी भी मामले के लिये तीन वर्ष की अवधि निश्चित है। लेकिन भारत में मामले 20-30 साल चलना साधारण बात है। तकनीक का प्रयोग बढ़ाने और पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना में भी सुधार जरूरी है। उत्कृष्ट लोकतान्त्रिक देशों की तरह भारत की एक अत्यंत शक्तिशाली व स्वतंत्र न्यायपालिका है। तारीख पर तारीख का सिलसिला थम सके इसके लिये हाल ही में लागू हुए तीन नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है। नये तीन कानूनों के बाद मुकदमों की सुनवाई द्रुत गति से होगी, लेकिन देखना यह है कि ऐसा हो पाता है या नहीं। प्रश्न यह भी है कि आखिर करोड़ों लंबित मामलों का क्या होगा। ये वे प्रश्न हैं, जिनके उत्तर देश की जनता को चाहिए। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये।

# पूरी तरह बदल चुका है जम्मू-कश्मीर इस बार का जनादेश चौंकाने वाला होगा

//नीरज कुमार दुबे//

**इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी खास है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब लदते नजर आ रहे हैं। श्रीनगर के हृदय माने जाने वाले लाल चौक का नजारा बता रहा है कि यहां की जनता इस बार चौंकाने वाला जनादेश देने जा रही है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की ओर से नामांकन दाखिल किये जा रहे हैं। विभिन्न दलों के स्थानीय नेता तो चुनाव प्रचार में उतर ही चुके हैं साथ ही बड़ी पार्टियों के राष्ट्रीय नेता भी चुनाव प्रचार करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पहुँच रहे हैं। गलियों और मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चल रहा है, रोड शो निकाले जा रहे हैं, घर-घर जाकर नेता लोगों से वोट मांग रहे हैं। जनता भी खुलकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है। यह सब कुछ भयमुक्त वातावरण में हो रहा है जोकि कश्मीर घाटी के लोगों के लिए नई बात है। जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं उन युवाओं ने तो ऐसा माहौल पहले कभी देखा भी नहीं था।**

इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी खास है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब लदते नजर आ रहे हैं। श्रीनगर के हृदय माने जाने वाले लाल चौक का नजारा बता रहा है कि यहां की जनता इस बार चौंकाने वाला जनादेश देने जा रही है। कश्मीर घाटी में एक समय आतंक और अलगाववादियों का राज था लेकिन आज यहां विभिन्न चौक-चौराहों पर तिरंगा लहरा रहा है, खासकर लाल चौक पर शान से आसमान को छूता तिरंगा सबका ध्यान आकृष्ट करता है। अब घाटी में पर्यटकों का जमावड़ा बिना किसी खौफ के लगता है। लाल चौक पर जहां पहले शाम के बाद कोई नहीं दिखाई देता था आज वहां देर रात तक चहल पहल रहती है और विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को देखकर लोग कश्मीरी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं से रूबरू होते हैं।

हम आपको याद दिला दें कि नरेंद्र मोदी ने भाजपा नेता के रूप में जब तिरंगा यात्रा का लाल चौक तक नेतृत्व किया था तब वहां तिरंगा फहराने का मतलब जान से खेलना था लेकिन उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद कश्मीर ऐसा बदला कि आज लाल चौक का शांत और खुशहाल नजारा पूरे कश्मीर के बदलाव को प्रतिबिंबित करता है। अगर आप हाल ही में कभी लाल चौक गये होंगे या श्रीनगर शहर का दौरा किया होगा तो आपने देखा होगा कि कैसे स्मार्ट सिटी अभियान के तहत इस क्षेत्र का कायाकल्प हो गया है। कश्मीर घाटी में किये गये विकास के बलबूते भाजपा को उम्मीद है कि यहां की जनता इस बार परिवारवादी दलों की बजाय उसका साथ देगी।

इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाये हुए पांच साल पूरे हो चुके हैं और इस दौरान जम्मू-कश्मीर ने वो खुशी देख ली है जो बीते तीन-चार दशकों में उससे छीन ली गयी थी। सिर्फ पांच सालों में आतंकवाद, अलगाववाद, भ्रष्टाचार और परिवारवाद जैसी समस्याओं पर काबू पाना और राज्य की अर्थव्यवस्था को फिर से अपने पाँव पर खड़ा कर देना किसी चमत्कार से कम नहीं है। जिस कश्मीर घाटी में पहले आईएस और पाकिस्तान के झंडे लहराये जाते थे आज वहां यह सब बंद हो गया है और हर घर पर तिरंगा फहरा रहा है। लाल चौक में तिरंगा फहराने पर पहले गोली लगने का खतरा रहता था लेकिन आज नये रंग रूप में लाल चौक पर शान से फहराता तिरंगा हर किसी को नये कश्मीर का अहसास करा रहा है। यही नहीं, भारत के राष्ट्रीय ध्वज का विरोध करने वाले हुर्रियत जैसे अलगाववादी संगठन के कार्यालय पर भी तिरंगा लहरा रहा है। विपक्ष भले आज भी 370 की वकालत कर रहा हो लेकिन देश देख रहा है कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाया तो जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद पर रोक लग गयी। पत्थरबाजी पूरी तरह बंद हो गयी, धर्मस्थलों से धार्मिक तकरीरों की बजाय राजनीतिक और भड़काऊ भाषण दिये जाने बंद हो गये, कश्मीरियों के बच्चों को अलगाववादियों की ओर से बहका कर गलत राह पर ले जाना बंद हो गया, आतंकवाद के प्रति लोगों की सोच में ऐसा परिवर्तन आया है कि अब सुरक्षा बलों के ऑपरेशन की राह में बाधा नहीं पैदा की जाती बल्कि उनकी मदद की जाती है और कई उदाहरण तो ऐसे भी देखने में आये जब ग्रामीणों ने ही आतंकवादियों को दबोच कर उन्हें सुरक्षा बलों को सौंप दिया।जम्मू-कश्मीर में स्कूल-कॉलेजों का बंद रहना और हड़तालों का आयोजन अब बीती बात हो गयी है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर रोक लग गयी है, सीमा पार से होने वाली गोलीबारी बंद हो गयी जिससे सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को जब-तब भाग कर बंकरों में छिप कर जान बचाने से आजादी मिली। 370 हटने से पुलिस, सेना और अन्य जांच एजेंसियों के बीच ऐसा अच्छा समन्वय बना कि जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था की नाकामी के चलते होने वाली आपराधिक घटनाओं में 97 प्रतिशत की गिरावट आ गयी और आतंकवाद संबंधी घटनाएं पहले से घटकर आधी से भी कम हो गयीं।

यही नहीं, जम्मू-कश्मीर में अब किसी एक परिवार का शासन नहीं चलता बल्कि निचले स्तर तक लोकतंत्र मजबूत हो गया है। पहली बार डीडीसी के चुनाव संपन्न हुए, पहली बार त्रि-स्तरीय पंचायती राज तंत्र जम्मू-कश्मीर में कायम हुआ, इसके तहत 33274 जनप्रतिनिधि चुने गये। यही नहीं हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव भी शांतिपूर्ण रहे जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया और उमर अब्दुल्ला तथा महबूबा मुफ्ती जैसे परिवारवादी नेताओं को हार का स्वाद चखा दिया।पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर के बुनियादी ढांचे का इस तरह विकास किया गया है कि यह केंद्र शासित प्रदेश आज बड़े से बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन कर सकता है। हाल ही में श्रीनगर में जी-20 देशों की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम भी श्रीनगर में ही आयोजित किया गया जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया।

श्रीनगर में पहला मल्टीप्लेक्स खुला और अब धीरे-धीरे घाटी के कई इलाकों में सिनेमाघर खुल चुके हैं और हाउसफुल भी चल रहे हैं। जम्मू-कश्मीर का सुरक्षा वातावरण सुधरने का लाभ यह हुआ कि यहां पर्यटकों की संख्या हर साल नये रिकॉर्ड बना रही है जिससे पर्यटन उद्योग के लिए स्वर्ण काल शुरू हो गया है। कश्मीर में पहले से प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के विकास और सौन्दर्यीकरण के अलावा उन क्षेत्रों को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है जो खूबसूरत होने के बावजूद अभी तक पर्यटक केंद्र नहीं बन पाये थे। साथ ही डल झील अपने इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा साफ नजर आ रही है।

## तस्वीरों की दुनिया


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर में सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की।


लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस उम्मीदवार गुलाम अहमद मीर जम्मू-कश्मीर चुनाव से पहले अनंतनाग में एक चुनावी रैली के दौरान।


आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाई.एस. शर्मिला ने विजयवाड़ा के सिंह नगर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया।


केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में साई कार्यालय में पैरा ओलंपिक 2024 के पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी पलक कोहली को सम्मानित किया।


सिंगापुर में भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई दारुस्सलाम पहुंचने पर भारतीय समुदाय द्वारा स्वागत किए जाने के दौरान एक बुजुर्ग महिला से आशीर्वाद लेते हुए।


पहलवान विनेश फोगट और बजरंग पुनिया ने नई दिल्ली में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की।

## हम पुराने युग में नहीं, जैसा राजाजी बोले वैसा चले धामी सरकार को क्यों पड़ी सुप्रीमकोर्ट से फटकार

**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के उस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई जिसमें भारतीय वन सेवा के अधिकारी राहुल को राजाजी टाइगर रिजर्व का निदेशक नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी को पहले कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से अवैध पेड़ काटने के आरोपों के चलते हटा दिया गया था और अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही अभी भी लंबित है।जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हम सामंती युग में नहीं हैं, जैसा राजाजी बोले वैसा चले.. मुख्यमंत्री को तर्क देना चाहिए था। कम से कम यह उम्मीद की जाती है कि जब वह अपने मंत्री और मुख्य सचिव से असहमत थे तो वह लिखित रूप में कारणों के साथ अपने विवेक का इस्तेमाल करेंगे।पीठ ने जनविश्वास सिद्धांत के महत्व पर जोर दिया। पीठ ने कहा, इस देश में जनविश्वास सिद्धांत जैसा भी कुछ है। सार्वजनिक कार्यालयों के प्रमुख अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर सकते हैं जब वहां यह प्रविधान दिया गया है कि उन्हें (अधिकारी को) वहां तैनात नहीं किया जाना चाहिए।

# अयोग्य ठहराए गए विधायकों को नहीं मिलेगी पेंशन, दल-बदल पर बिल पास करने वाला पहला राज्य बना हिमाचल

**शिमला, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

हिमाचल प्रदेश में चौदहवीं विधानसभा से अयोग्य करार दिए गए छह विधायक पेंशन के लाभ से वंचित होंगे। बुधवार को प्रदेश विधानसभा ने सदस्यों के भत्ते व पेंशन संशोधन विधेयक-2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा के दौरान जहां कुछ सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से अयोग्य घोषित किए गए सदस्यों को विधेयक को सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। सदन में हुई चर्चा के दौरान कुछ सदस्यों ने संशोधन विधेयक को वापस लेने का मामला उठाया। मुख्यमंत्री सुक्खू संशोधन विधेयक को लेकर अडिग रहे और संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। दल-बदल कानून के तहत कार्यवाही करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना। विधानसभा से पारित होने के बाद संशोधन विधेयक राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए राजभवन में भेजा जाएगा।सदन में एक घंटे से अधिक समय तक संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सत्ता व कुर्सी सदैव साथ नहीं रहती, मगर राजनीति में सिद्धांत जिंदा रहते हैं। उन्होंने कहा कि दल-बदल करने



वाले सदस्यों की मुझसे नाराजी हो सकती है, मगर उन्होंने पार्टी को धोखा किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया गया।हैरानी इस बात को लेकर होती है कि विधायक रात को भोजन हमारे साथ करते हैं तथा सुबह मत दान कहीं और देते हैं। उन्होंने स्वच्छ लोकतंत्र के लिए संशोधन विधेयक का समर्थन करने का आग्रह सदन से किया।ताकि कोई दल-बदल की हिम्मत न कर सके। मुख्यमंत्री सुक्खू ने सदस्यों के भत्ते एवं पेंशन संशोधन विधेयक को सोमवार को सदन में पेश किया था। बुधवार को विधेयक पर भोजन अवकाश के बाद सदन में चर्चा हुई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हम राजनीतिक क्षेत्र में हैं, जो हो गया है, वह तो हो गया। हमें आगे बढ़ने की सोच रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बिल में प्रतिशोध की भावना है। इस पर दल-बदल का विषय कहां से आया है। उन्होंने कहा कि अगर राज्यसभा में वोट किसी और को दिया है, तो उसमें सदस्यता कहां जाती है। व्हिप के उल्लंघन पर इनकी सदस्यता गई है। दल-बदल के तहत कार्रवाई नहीं हुई है।

जबकि कांग्रेस की ओर से अयोग्य घोषित किए गए विधायकों ने भाजपा की सदस्यता तो कई दिनों बाद ली थी। उन्होंने कहा कि सुक्खू भाई जल्दबाजी में हैं, हर आदमी गलती करता है, रोज करता है। ऐसे में उसे मौका देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश सदस्य इस सदन में ऐसे हैं जोकि वेतन, पेंशन, भत्तों से परिवार का खर्चा चलाते है। यह बात समझनी होगी।उन्होंने कहा कि कुछ चीजों पर गंभीरता से सोचना होगा।

राजनीतिक लड़ाई पूरी हो गई है, अब आगे बढ़ना चाहिए। इस बिल को सलेक्ट कमेटी में भी न भेज कर वापस लिया जाना चाहिए। कांग्रेस के अयोग्य घोषित किए गए छह विधायकों में से दो चैतन्य शर्मा व देवेंद्र भुट्टो चौदहवीं विधानसभा में पहली बार चुनकर आए थे। यदि संशोधन विधेयक को राजभवन की स्वीकृति मिलती है तो चैतन्य शर्मा व देवेंद्र भुट्टो को 93240 रुपये की मासिक पेंशन से वंचित होना पड़ेगा।

## बंगाल में फिर सड़कों पर उतरे लोग घरों में लाइट बंद किया विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या की घटना के खिलाफ 14 अगस्त की तरह राजधानी कोलकाता सहित बंगाल के सभी जिलों में बुधवार रात को महिलाएं-लड़कियां और आम लोग फिर सड़कों पर उतरे और न्याय की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में सभी आयु वर्ग के लोग शामिल थे। इस कार्यक्रम का नाम- फिर रात पर कब्जा दिया गया था।इसके साथ आंदोलनकारी जूनियर चिकित्सकों के आह्वान पर बुधवार रात में नौ से 10 बजे तक एक घंटे के लिए कोलकाता व जिलों में लोगों ने आरजी कर घटना के विरोध में घरों में लाइटें (बिजली) बंद करके भी विरोध जताया। इसके चलते कोलकाता व विभिन्न शहरों का अधिकतर इलाका अंधेरे में डूबा नजर आया। लोगों ने लाइटें बंद कर मोमबत्तियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कोलकाता के ऐतिहासिक विक्टोरिया मेमोरियल की लाइटें भी इस दौरान बंद कर दी गईं। राज्यपाल सीवी आंनद बोस ने राजभवन की लाइटें भी बंद कर विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया। विक्टोरिया के सामने बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर मोमबत्तियां जलाई और आरजी कर घटना को लेकर नारेबाजी की।शाम से ही देर रात तक कोलकाता व जिलों में बड़ी संख्या में मोमबत्ती व मशाल रैलियां भी निकाली गईं। विभिन्न चौराहों और सडकों पर एकत्रित होकर लोग हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते देखे गए, जिसपर जस्टिस फार आरजी कर, जस्टिस फार अभया जैसे नारे लिखे थे। लोगों में भारी रोष देखा गया।बता दें कि इससे पहले 14 अगस्त की आधी रात को कोलकाता सहित देश के विभिन्न शहरों में महिलाएं सड़क पर उतरीं थीं और आरजी कर घटना को लेकर न्याय की मांग की थी। कोलकाता के प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा रिमझिम सिन्हा के इंटरनेट मीडिया पर आह्वान पर उस दिन देशभर में लोग सड़कों पर उतरे थे।

# पापा गंदे हैं, वो दीदी के साथ गंदी हरकत करते हैं... 13 साल की छात्रा के चौंकाने वाले खुलासे से हड़कंप



**धनबाद, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

मेरे पापा गंदे हैं.. वो दीदी के साथ गंदी हरकत करते हैं...। झरिया के एक स्कूल में बुधवार को 13 साल की एक छात्रा ने बिलखकर अपनी सहेलियों व स्कूल प्रबंधन को ये बात बताई। फिर क्या था, सनसनीखेज खुलासे से हड़कंप मच गया।जो सुनता, उसके पिता को कोसता। स्कूल में आसपास के लोग पहुंच गए। किसी ने चाइल्ड लाइन व सीडब्ल्यूसी को सूचना दी। तुरंत सीडब्ल्यूसी चेयरमैन ने चाइल्ड लाइन टीम व पारा लीगल वायलेंटियर को वहां भेजा। झरिया थाने से पुलिस टीम भी आ गई। पिता के खिलाफ शिकायत की थी, इससे छात्रा इतनी सहम गई कि घर जाने से इनकार कर दिया। सीडब्ल्यूसी के निर्देश पर बालिका गृह भेजा गया। हालांकि, जिसके साथ गलत करने का पिता पर आरोप लगा है, वह लड़की मां के साथ घर चली गई।13 साल की जिस बच्ची ने पिता पर दीदी के साथ गलत करने का आरोप लगाया है, उसकी मां का देहांत हो चुका है। पिता ने अब तीसरी शादी कर ली है। उसकी बेटी के साथ गलत करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाने वाली आरोपित की सगी बेटी है।

दरअसल, आरोपित ने तीन शादियां की हैं। पहली पत्नी की मौत हो चुकी है, उससे सात बच्चे हैं। दूसरी पत्नी छोड़कर चली गई। तब तीसरी शादी कर ली। आरोपी की तीसरी पत्नी छह बच्चों की मां है। छात्रा की शिकायत पर आरोपित पिता को गिरफ्तार करने पुलिस उसके घर पहुंची, पर वह नहीं मिला। सीडब्ल्यूसी ने विस्तृत जांच कर झरिया थाने की पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया है।सूचना मिलने पर चाइल्ड लाइन और पारा लीगल वोलेंटियर को भेजा गया। पुलिस को पूरे मामले की विस्तृत जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। पिता पर आरोप लगाने वाली बच्ची काफी डरी-सहमी है। उसे बालिका गृह भेजा गया है।

# अनिल देशमुख ने गिरीश महाजन को आरोपित बनाने का बनाया था दबाव, सीबीआई जांच में हुआ खुलासा

**मुंबई, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

भाजपा नेता को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश करने के लिए महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ सीबीआई ने एक नई प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआइ ने दो साल की प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज किया है।यह जांच एक पैन ड्राइव पर आधारित थी जो तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र फडणवीस ने उस समय के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी थी। जांच पहले सीआईडी को और बाद में सीबीआई के सुपुर्द की गई। इसमें देशमुख के साथ पांच और लोगों को नामित किया गया है। यह मामला महाविकास आघाड़ी (मविआ) सरकार में गृह मंत्री रहे अनिल देशमुख द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री गिरीश महाजन को झूठे मामले में फंसाने की कोशिश का है। महाजन का आरोप है कि अनिल देशमुख ने गृह मंत्री रहते जलगांव के एसपी को कई बार फोन कर करीब तीन साल पुराने एक मामले में मुझे आरोपित बनाने का दबाव डाला था। महाजन को फंसाने की साजिश में विशेष लोक अभियोजक प्रवीण पंडित चव्हाण के साथ दो




महिला पुलिस अधिकारी डीसीपी पूर्णिमा गायकवाड एवं एसीपी सुषमा चव्हाण भी शामिल थीं। इस मामले में नौ दिसंबर, 2020 को एक जीरो एफआईआर भी दर्ज की गई थी। कुछ माह बाद देवेंद्र फडणवीस ने यह मामला विधानसभा में उठाते हुए कुछ लोगों की बातचीत से संबंधित एक पेन ड्राइव जांच के लिए विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी थी।

करीब दो साल तक चली इस मामले की प्रारंभिक जांच के बाद बुधवार को सीबीआई ने इसी जांच के आधार पर पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख सहित पांच और लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कुछ दिनों पहले मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने भी अनिल देशमुख पर आरोप लगाया था कि वह देवेंद्र फडणवीस एवं गिरीश महाजन सहित कुछ और नेताओं को गलत मामलों में फंसाना चाहते थे। देशमुख सिंह के लगाए आरोपों के आधार पर ही एक साल से अधिक समय तक ईडी एवं सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए भ्रष्टाचार के मामलों में जेल में रह चुके हैं।

## झारखंड के होटल में चल रहा था देह व्यापार, देर रात अचानक पहुंच गई पुलिस

**रंगे हाथ बिहार के दरोगा समेत 11 को पकड़ा**



**कोडरमा, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बागीटांड के स्पाइसी होटल में शनिवार देर रात पुलिस ने छापेमारी कर देह व्यापार में लिप्त बिहार पुलिस में दरोगा समेत दो पुलिसकर्मियों, चार युवतियों, एक महिला और होटल मैनेजर सहित कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है।कोडरमा के एसपी अनुदीप सिंह के अनुसार, उन्हें होटल में देह व्यापार की सूचना मिली थी। इसके बाद प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार व पुलिस बल ने होटल में छापेमारी कर आरोपितों को होटल में रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों में होटल मालिक पिंटू पासवान व अश्विनी कुमार, मैनेजर रजौली नवादा निवासी संजय कुमार, नवादा निवासी मुकेश कुमार, औरंगाबाद के नवीनगर निवासी धर्मेंद्र कुमार समेत 11 लोग शामिल हैं।छापामारी के दौरान होटल संचालक फरार हो गया था, जिसे बाद में गिरफ्तार किया गया। रविवार शाम गिरफ्तार सभी लोगों को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए लाया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। दो माह पूर्व उक्त होटल के समीप ही शराब पीने-पिलाने को लेकर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद से सीमावर्ती क्षेत्र से सटे बागीटांड में संचालित लाइन होटलों में हर शनिवार और रविवार को शराब का दौर चलता है। यहां बिहार से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते है और शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है।इससे पहले भी कोडरमा स्टेशन के समीप होटलों और उरवां स्थित झील रेस्टोरेंट में देह व्यापार के मामले का भंडाफोड़ हो चुका है और कई लोग पुलिस की गिरफ्त में आ चुके है।

# पड़ोसी मुल्क पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने किया कटाक्ष कहा- पाकिस्तान का बड़ा भाई बन जाएगा बांग्लादेश

**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बांग्लादेश का नियंत्रण ऐसे हाथों में चला गया है कि वह पाकिस्तान का बड़ा भाई बन जाएगा। इस पड़ोसी देश से निवेशक मुंह मोड़ लेंगे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह दिल्ली के भारत मंडपम में 14-17 फरवरी को आयोजित होने वाले भारत टेक्स 2025 के एक पूर्व समारोह में बोल रहे थे। मंत्री की यह टिप्पणी बांग्लादेश में हाल में हुई हिंसा को लेकर आई है जिसके कारण बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ।

उन्होंने कहा कि अगर बांग्लादेश पाकिस्तान जैसा बन गया तो निवेशक वहां जाने से पहले सोचेंगे। अगर बांग्लादेश पाकिस्तान जैसा बन जाता है, तो निवेशक वहां जाने से पहले सोचेंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि हर क्षेत्र को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से जोड़ने की योजना है।

गिरिराज सिंह ने कहा, ..हम हर क्षेत्र को इससे जोड़ने के लिए और अधिक पीएलआई योजनाएं लाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत टेक्स 2025 एक मेगा वैश्विक कपड़ा कार्यक्रम है, जिसका आयोजन कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषदों के एक संघ द्वारा किया जा रहा है और इसे कपड़ा मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है। यह कार्यक्रम भारत मंडपम और इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा के जुड़वां स्थलों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा।

## हिमाचल में भारी बारिश और बर्फबारी, 116 सड़कें बंद, आम लोगों को हो रही काफी परेशानी

**शिमला, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा में हिमपात हुआ जबकि कई स्थानों पर वर्षा हुई। उदयपुर-किलाड़ मार्ग काढूनाला में भूस्खलन के कारण बंद हो गया है। कुल्लू के आनी के निकट भूस्खलन होने से औट-लुहरी-सैंज राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है। प्रदेश में दो राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 116 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। 228 ट्रांसफार्मरों के खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है। 11 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हैं। प्रदेश में धर्मशाला में 73 मिलीमीटर, धौलाकुआं में 19, नाहन में 11 और शिमला में पांच मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने गुरुवार को प्रदेश के पांच जिलों चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू व सिरमौर में कुछ स्थानों पर आंधी व भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की गिरावट आई है।

# भाजपा के सामने बड़ी चुनौती, चुनाव में भीतरघात की भी आशंका

**गुरूग्राम, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

भाजपा के लिए असंतुष्टों को संभालना काफी मुश्किल भरा काम होगा। जो भी असंतुष्ट हैं वे जनाधार वाले हैं। ऐसे में न केवल कई दावेदार निर्दलीय मैदान में आ सकते हैं, बल्कि चुनाव में भीतरघात की भी आशंका है।बुधवार को प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक नवीन गोयल के शक्ति प्रदर्शन से साफ तय हो गया कि पार्टी के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। आज मौसम खराब होने के बाद भी नवीन गोयल के पैदल मार्च में हजारों लोग शामिल हुए। समर्थन में नारेबाजी से साफ दिख रहा था कि समर्थकों में किस कदर नाराजगी है।कोर्ट पार्किंग से शुरू पैदल मार्च में हर वर्ग के लोग शामिल हुए। समर्थकों को संबोधित करते हुए नवीन गोयल ने कहा उन्होंने गुरुग्राम को अपना परिवार मान लिया है। पिछले छह साल से पूरे गुरुग्राम को अपना परिवार समझकर समय दिया है। हर किसी के सुख-दुख में शरीक होने का प्रयास किया। अलसुबह अंधेरे में ही घर से निकले और देर रात




अंधेरे में घर पहुंचे। सुबह बच्चों को सोते हुए छोड़ा और रात को बच्चे सोते हुए मिले। नवीन गोयल के बड़े भाई डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि पांच साल पहले उन्होंने कहा था कि गुरुग्राम के हर घर से नवीन गोयल निकलेगा। आज वही बात सत्य हो रही है। गुरुग्राम के लोगों का यही प्यार ही जनता की ताकत है।इधर, पंजाबी समाज से संबंधित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सेक्टर-17 स्थित ब्लिस बैंक्वेट हाल में बैठक कर अपना आक्रोश जाहिर किया। केंद्रीय श्री सनातन धर्म सभा के चेयरमैन सुरेंद्र खुल्लर, आर्य समाज के प्रधान अशोक आर्य एवं पंजाबी बिरादरी महासंगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश कथूरिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समाज की ओर से टिकट के लिए प्रबल दावेदार बोधराज सीकरी, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बत्रा, पूर्व पार्षद कपिल दुआ, अधिवक्ता प्रमोद सलूजा और राजेश अरोड़ा शामिल हुए।सभी ने एक सुर से कहा कि भाजपा को गुड़गांव से किसी पंजाबी को टिकट देनी चाहिए। पार्टी जिसे उचित समझती है, उसे टिकट दे। पूरा समाज उसके साथ खड़ा होगा।

# जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जमकर लड़ाई लड़ रहा भारत, विकसित देशों से ज्यादा दिया योगदान

**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारत ने जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए 2022 में जलवायु वित्त में 1.28 अरब डॉलर का योगदान दिया है। बहुपक्षीय विकास बैंकों के माध्यम से किया गया भारत का योगदान कुछ विकसित देशों के योगदान से भी ज्यादा है। ब्रिटेन स्थित थिंक टैंक ओडीआइ और ज्यूरिख क्लाइमेट रेजिलिएंस अलायंस के विश्लेषण में कहा गया है कि सिर्फ 12 विकसित देशों ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय जलवायु वित्त में अपना उचित हिस्सा दिया है। इनमें नार्वे, फ्रांस, लक्जमबर्ग, जर्मनी, स्वीडन, डेनमार्क, स्विटजरलैंड, जापान, नीदरलैंड, आस्ट्रिया, बेल्जियम और फिनलैंड जैसे देश शामिल हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि जलवायु वित्त में महतपपूर्ण कमी का कारण अमेरिका का अपने उचित हिस्से का योगदान न करना है। वहीं, आस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा और ब्रिटेन ने भी इस मोर्चे



पर उम्मीद से खराब प्रदर्शन किया है। विश्लेषण में शीर्ष 30 उच्च आय वाले और औद्योगिक रूप से विकसित देशों की पहचान की गई, जिन्होंने 2022 में विकासशील देशों को पर्याप्त जलवायु वित्त प्रदान किया है। इस समूह में पोलैंड और रूस जैसी अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं,जो मौजूदा समय में संक्रमण काल से गुजर रही हैं।

इसके अलावा 1992 से उच्च आय वाले देश का दर्जा प्राप्त करने वाले देश जैसे चिली, कुवैत, सऊदी अरब और दक्षिण कोरिया और बड़ी आबादी के साथ मध्यम आय वाले देश- ब्राजील,चीन, भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, नाइजीरिया, फिलीपींस और पाकिस्तान भी इस समूह में शामिल हैं।विकसित देशों जैसे ग्रीस ने 2022 में जलवायु वित्त में 0.23 अरब डॉलर, पुर्तगाल ने 0.23 अरब डॉलर, आयरलैंड ने 0.3 अरब डॉलर और न्यूजीलैंड ने 0.27 अरब डॉलर का योगदान दिया है। चीन ने बहुपक्षीय बैंकों के माध्यम से 2.52 अरब डॉलर, ब्राजील ने 1.35 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया 1.31 अरब डॉलर और अर्जेंटीना ने 1.01 अरब डॉलर का योगदान दिया है।विकसित देशों ने 2009 में कोपेनहेगन में हुई जलवायु वार्ता काप 15 में सामूहिक रूप से 2020 तक सालाना 100 अरब डॉलर जलवायु वित्त में योगदान करने का वादा किया था।

यह रकम जलवायु परिवर्तन रोकने और और इसके प्रभाव से निपटने में विकासशील देशों की मदद के लिए है।सामूहिक योगदान का मतलब है कि किसी एक विकसित देश को तय रकम का योगदान करने के लिए नहीं कहा जा सकता है। इसीलिए भारत सहित दूसरे विकासशील देश जलवायु वित्त में योगदान के मोर्चे पर विकसित देशों की जवाबदेही बढ़ाने की व्यवस्था पर जोर दे रहे हैं।

## रिठाला-नरेला मेट्रो कॉरिडोर का अब हरियाणा तक होगा विस्तार, दिल्ली सरकार ने दी मंजूरी

**नईदिल्ली, 05 सितम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली और हरियाणा के बीच यात्रा करने वाले हजारों लोगों के लिए दैनिक आवागमन को आसान बनाने के उद्देश्य से परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को रिठाला-नरेला मेट्रो कॉरिडोर को दिल्ली-हरियाणा सीमा तक विस्तारित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने इसे सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।दिल्ली मेट्रो परियोजना के चरण-4 के तहत दिल्ली मेट्रो लाइन को अब हरियाणा के कुंडली-नाथूपुर तक बढ़ाया जाएगा। गहलोत ने कहा कि रिठाला-नरेला-कुंडली-नाथूपुर कॉरिडोर चार साल में पूरा होगा।इस विस्तार से यात्रियों को महत्वपूर्ण राहत मिलेगी और दोनों राज्यों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी। विस्तारित परियोजना पर 6230.99 करोड़ की अनुमानित लागत से चार वर्षों के भीतर पूरा किया जाएगा। दिल्ली वाले हिस्से की कुल लंबाई 22.91 किमी से बढ़ाकर 23.737 किमी कर दी गई है, जबकि हरियाणा हिस्से की लंबाई 2.726 किमी होगी।इससे नरेला से नाथूपुर तक की संयुक्त लंबाई 26.463 किमी लंबी हो जाएगी। विस्तार में रिठाला और नरेला के बीच 19 स्टेशन होंगे, जबकि हरियाणा में दो स्टेशन होंगे।इस बारे में दिल्ली सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में गहलोत ने कहा कि यह विस्तार दिल्ली और हरियाणा दोनों के निवासियों के लिए दैनिक आवागमन में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सांप जैसा दिखने वाला स्नेक फ्रूट सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद, जानिए इसके फायदे

दुनिया में ऐसे कई दुर्लभ फल हैं, जो हमारी सेहत के लिए राम-बाण साबित होते हैं। ऐसा ही एक विदेशी फल है स्नेक फ्रूट, जिसे सालक भी कहा जाता है। सांप जैसा दिखने वाला यह फल अंदर से पीला-सफेद होता है और इसका छिलका लाल या भूरा का होता है। इसका स्वाद खट्टा-मीठा होता है और यह विशेष रूप से इंडोनेशिया में पाया जाता है। आप इस फल को डाइट का हिस्सा बनाकर ये 5 मुख्य फायदे पा सकते हैं।

मधुमेह का खतरा करता है कम

भारत में कई लोग मधुमेह की बीमारी से पीड़ित हैं, जिन्हें मीठे फलों से परहेज करने की सलाह दी जाती है। हालांकि, इस बीमारी से पीड़ित लोगों को खान-पान में स्नेक फ्रूट शामिल करने से फायदा हो सकता है।जब इस फल को फरमेंट किया जाता है, तो यह बड़ी मात्रा में पॉलीफेनोल्स छोड़ता है। ये यौगिक लिपिड प्रोफाइल में सुधार करते हैं और ब्लड शुगर के स्तर को कम करते हैं।

याददाश्त होती है मजबूत

अगर आप आसानी से चीजों को भूल जाते हैं तो आपको स्नेक फ्रूट जरूर खाना चाहिए। रोजाना यह फल खाने से आपकी याददाश्त और सोचने की शक्ति मजबूत हो जाएगी।स्नेक फ्रूट बीटा-कैरोटीन, पेक्टिन और पोटेशियम से भरपूर होता है। यह मस्तिष्क में खून के प्रवाह को बढ़ाता है और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है, जिससे याददाश्त सुधरती है।इसे खाने से आपका मानसिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त हो सकता है।

आखों की रोशनी को करता है दुरुस्त

स्नेक फ्रूट को आखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी कारगर माना जाता है। इसे आखों में डालने वाली कई दवाइयों में भी इस्तेमाल किया जाता है।इसमें अच्छी मात्रा में बीटा-कैरोटीन होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। अगर आप रोजाना इस फल को खाएंगे तो जल्द ही आपकी आखों में होने वाली परेशानियां दूर हो जाएंगी।आप अपनी आखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए ये घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं।

कैंसर के इलाज में करता है मदद

कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के उपचार में भी स्नेक फ्रूट आपकी मदद कर सकता है। इसमें कई एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कोशिकाओं और ऊतकों को होने वाले नुकसान से लड़ने में प्रभावी होते हैं।थोड़ी मात्रा में स्नेक फ्रूट का नियमित सेवन बवासीर के खतरे को कम करने और कैंसर के गठन को मात देने में मदद करता है। इसको अपने सुबह या शाम के नाश्ते में खा सकते हैं।

वजन घटाने में है सहायक

अगर आप वजन घटाने का प्रयास कर रहे हैं तो अपने आहार में स्नेक फ्रूट को जोड़ने पर विचार करें। इसमें उच्च मात्रा में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो वजन कम करने में मदद करते हैं।पतले होने के लिए की जाने वाली एक्सरसाइज से शरीर कमजोर हो जाता है। हालांकि, इस फल का सेवन आपको ऊर्जा प्रदान कर सकता है।कई लोग वजन कम करने के लिए डाइट में स्नेक फ्रूट की चाय शामिल करना पसंद करते हैं।





## रजनीकांत की कूली में नागार्जुन की एंट्री, सुपरस्टार के धांसू फर्स्ट लुक आउट

रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड कूली लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित थलाइवर की 171वीं फिल्म है. इसीलिए फैंस इसकी हर एक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब हाल ही में मेकर्स ने एक और धमाका करते हुए फिल्म से नया पोस्टर रिलीज किया है. फिल्म के मेकर्स ने मास एक्टर का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है. मोनोक्रोम पोस्टर में नागार्जुन इंटेंस और स्टाइलिश अवतार में नजर आ रहे हैं. बढ़ी हुई दाढ़ी, सनग्लासेस और गोल्ड वॉच पहने हुए नागार्जुन का लुक काफी अट्रैक्टिव लग रहा है. रजनीकांत स्टारर कूली में नागार्जुन के कैरेक्टर का नाम साइमन है. लोकेश कनगराज ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- किंग के फिल्म में आने से हम बहुत खुश हैं, नागार्जुन कूली की कास्ट जॉइन करने वाले हैं. वेलकम टू द बोर्ड सर एंड हैप्पी बर्थडे. कूली की दुनिया में नागार्जुन के आने से उनके फैंस के बीच खुशी की लहर है. पहले खबरें आई थी कि नागार्जुन फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे लेकिन अब यह कंफर्म हो गया है कि नागार्जुन फिल्म के खास कलाकारों में से एक होंगे. लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित यह फिल्म बड़े बजट में बन रही है और यह साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. हाल ही में फिल्म में आमिर खान के शामिल होने की भी खबर सामने आई थी हालांकि इसका कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है. लेकिन आमिर फिल्म में स्पेशल कैमियो में नजर आ सकते हैं.कूली की शूटिंग इस साल जुलाई में हैदराबाद में शुरू हुई. हालांकि ऑफिशियल रिलीज की डेट अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन साल 2025 में इस फिल्म के रिलीज होने की उम्मीद है. इस बीच नागार्जुन के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे पिछली बार ना सामी रांगा में नजर आए थे. वहीं उनकी पाइपलाइन में धनुष की कुबेर भी है जिसका पोस्टर भी उनके बर्थडे पर ही रिलीज हुआ. कुबेर दिसंबर 2024 में रिलीज होगी. कूली में रजनीकांत और नागार्जुन के अलावा अमिताभ बच्चन, श्रुति हासन और राणा दग्गुबाती जैसे कलाकार शामिल हैं.

# लैपटॉप और मोबाइल का अधिक इस्तेमाल होता है हानिकारक, इससे होती हैं हड्डियों की ये बीमारियां

आधुनिकता के बढ़ने से लोग मोबाइल और लैपटॉप जैसे उपकरणों के आदि होते जा रहे हैं। ऑफिस और घर पर बैठे-बैठे लोग अपना ज्यादातर समय लैपटॉप पर काम करते हुए या मोबाइल चलाते हुए बिता देते हैं।इन उपकरणों के अत्यधिक इस्तेमाल से आपको हड्डियों से जुड़ी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, जिनके कारण दर्द उठ सकता है और स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।लैपटॉप के अधिक उपयोग से हड्डियों की ये बीमारियां होती हैं।

सरवाइकल

गर्दन का गठिया या सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस लैपटॉप और मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से होने वाली बीमारी है। इन उपकरणों को चलाते समय स्क्रीन को देखने से सर्वाइकल स्पाइन पर दबाव पड़ सकता है।यह गर्दन के जोड़ों और डिस्क को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके कारण आपको अकड़न, लगातार गर्दन में दर्द और तंत्रिका संपीड़न हो सकता है, जो हाथों और भुजाओं में झुनझुनी या सुन्नता का कारण बनता है।

रीढ़ की हड्डी का ऑस्टियोपोरोसिस

लैपटॉप चलाते समय ज्यादातर लोग लंबे समय तक गलत मुद्रा में बैठे रहते हैं। ऐसा करने से आपको रीढ़ की हड्डी का ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है।इसके कारण न केवल आपकी हड्डियां कमजोर होती हैं, बल्कि उनके टूटने का खतरा भी बढ़ जाता है।इस बीमारी के आम तौर पर तब तक कोई लक्षण उजागर नहीं होते हैं, जब तक कोई हड्डी न टूट जाए।जानिए ऑस्टियोपोरोसिस बीमारी के कारण, लक्षण और इससे बचाव के उपाय।

रिपिटेटिव स्ट्रेन इंजरी



रिपिटिटिव स्ट्रेन इंजरी (आरएसआई) नामक बीमारी आमतौर पर लैपटॉप या मोबाइल के लंबे समय तक इस्तेमाल के कारण होती है।अपनी गर्दन की मांसपेशियों और शरीर पर अधिक तनाव डालने से यह परेशानी बढ़ सकती है। आरएसआई बीमारी समय के साथ टेंडन और कलाई की हड्डियों में सूजन पैदा कर सकती हैं।इसके कारण टेंडिनिटिस या कार्पल टनल सिंड्रोम हो सकता है, जो दर्द और काम करने में परेशानी का कारण बनता है।

थोरसिक आउटलेट सिंड्रोम

कॉलरबोन और पहली पसली के बीच की नसों या रक्त वाहिकाओं का दबना थोरैसिक आउटलेट सिंड्रोम का कारण बनता है।खराब मुद्रा में लैपटॉप या मोबाइल उपकरण चलाने से ही अक्सर यह समस्या उत्पन्न होती है। गर्दन और कंधों में दर्द, उंगलियों का सुन्न होना और पकड़ का कमजोर होना इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं।समय रहते इसका इलाज न करवाने पर अधिक गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

टेंडिनिटिस

लैपटॉप और मोबाइल पर लगातार उंगलियां चलाने से आपको टेंडिनिटिस नामक बीमारी लग सकती है। इसके कारण आपको उंगलियों में दर्द हो सकता है और कलाई व हाथ में सूजन आ सकती है।आम तौर पर लोग इस समस्या को आम परेशानी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। हालांकि, इसका समय पर इलाज न होने से यह बीमारी गंभीर भी हो सकती है।आप स्वस्थ रहने के लिए कुर्सी पर बैठे-बैठे ये एक्सरसाज कर सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -166

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रुचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घूंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 165 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | खा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | मा | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | ख | ध |



## अक्षरा सिंह ने स्टालिश आउटफिट में गिराई बिजली, कैमरा के सामने दिए किलर पोज

भोजपुरी एक्ट्रेस और सिंगर अक्षरा सिंह यूपी, बिहार में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में अपने फैंस के बीच खास अंदाज के लिए मशूहर हैं। अक्षरा सिंह अपनी अदाओं से जादू बिखरने के साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के लिए वीडियो और अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही छा जाते हैं।

भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉट वीडियो शेयर किया है, जिनमें उनका स्टाइलिश अवतार देखने को मिल रहा है. इस वीडियो में अक्षरा सिंह बेहद ग्लैमरस लग रही हैं और उनके ग्लोइंग मेकअप और खास अंदाज में बंधे हुए बालों ने उनके फैंस का दिल जीत लिया है. अक्षरा सिंह वीडियो में एक से बढ़कर किलर पोज दे रही हैं. इस वीडियो को देखकर उनके फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. कुछ ही समय में इन वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है और यह तेजी से वायरल हो रहा है. खूबसूरत अदाकाराओं में से एक अक्षरा सिंह की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बता दें, करीब 3.2 मिलियन लोग अक्षरा को फॉलो करते हैं। अक्षरा सिंह का जन्म भले ही मुंबई में हुआ हो लेकिन वो मूल रूप से बिहार की राजधानी पटना की रहने वाली हैं. भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाने वाली एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के पेरेंट्स भी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा है. अक्षरा राजपूत समाज से ताल्लुक रखती हैं.

## शिवमणि के लाइव शो को अभिनेत्री निकिता दत्ता ने बताया मैजिकल



अभिनेत्री निकिता दत्ता ने तालवादक आनंदन ड्रम्स शिवमणि के प्रदर्शन की एक झलक शेयर की है। उन्होंने इसे जादुई अनुभव बताया है। इंस्टाग्राम पर 1.7 मिलियन फॉलोअर्स वाली निकिता ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें शिवमणि अपने हुनर से सबको मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। क्लिप का कैप्शन है, शिवमणि को लाइव देखा.. वाकई जादुई। चेन्नई की रहने वाले पर्कशनिस्ट पद्म श्री शिवमणि ड्रम, ऑक्टोबन, दरबुका, उडुकाई, घाटम और कंजीरा जैसे वाद्य यंत्र बजाते हैं। वहीं, 33 वर्षीय अभिनेत्री निकिता एक एक्टर हैं। जिन्होंने शुरुआत मॉडलिंग से की। 2012 में फेमिना मिस इंडिया में भाग लिया था। उन्होंने 2014 में रोमांटिक कॉमेडी लेकर हम दीवाना दिल से अपनी अभिनय यात्रा शुरु की। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म में अरमान जैन और दीक्षा सेठ मुख्य भूमिकाओं में थे। उन्होंने 2015 में ड्रीम गर्ल-एक लड़की दीवानी सी से अपना टेलीविजन डेब्यू किया। निकिता ने मोहसिन खान के साथ एक महत्वाकांक्षी अभिनेत्री लक्ष्मी की भूमिका निभाई थी। इसमें श्रद्धा आर्या, सुदीप साहिर, कुणाल वर्मा और खालिद सिद्दीकी ने काम किया था। नामिक पॉल के साथ एक दूजे के वास्ते में सुमन की भूमिका ने उनके करियर को एक नया मोड़ दिया। 2017 से 2018 तक, उन्होंने हासिल में जायद खान और वत्सल सेठ के साथ एक वकील की भूमिका निभाई। ये उनका आखिरी टीवी शो था। 2018 में अक्षय कुमार के अपोजिट स्पोर्ट्स फिल्म गोल्ड के साथ निकिता ने फिल्मों में वापसी की। इसके बाद वह लस्ट स्टोरीज, कबीर सिंह, मस्का, द बिग बुल, डायबुक और रॉकेट गैंग जैसी फिल्मों का हिस्सा रहीं। फिल्मों की बात करें तो उन्हें आखिरी बार बिजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित एक्शन ड्रामा डांगे में ऋषिका के रूप में देखा गया था।



## रजनीकांत-आलिया भट्ट नहीं कार्तिक आर्यन से होगी फिल्म की टक्कर

तमिल सुपरस्टार सूर्या और बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म कंगुवा को लेकर चौंकाने वाला अपडेट आया हैं. कगुंवा तमिल सिनेमा से साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. फिल्म मौजूदा साल की 10 अक्टबूर को दशहरा के मौके पर रिलीज होने जा रही है. इस दिन साउथ सुपरस्टार थलाइवा रजनीकांत, अमिताभ बच्चन स्टारर एक्शन ड्रामा फिल्म वेट्टैयन भी रिलीज होनी है. दशहरा पर कंगुवा का मुकाबला आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा से भी होगा. ऐसे में खबर आ रही है कि फिल्म कंगुवा की रिलीज डेट बदल गई है.

रिपोर्ट्स की मानें तो कंगुवा के मेकर्स का बॉक्स ऑफिस पर रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म वेट्टैय्यन से मुकाबला करने का कोई मूड नहीं है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब कंगुवा दिवाली 2024 को लिए तैयार हो रही है. कहा जा रहा है कि सूर्या और बॉबी की फिल्म दिवाली 2024 पर धमाका करने जा रही है. बता दें, दिवाली पर बॉलीवुड से कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 से टकराने जा रही है. पीरियड फैंटेसी फिल्म कंगुवा 31 नवंबर 2024 को रिलीज होने जा रही है, लेकिन मेकर्स ने इन अटकलों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की है. हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसमें सूर्या और बॉबी के खौफनाक सीन देखने को मिले थे. फिल्म में दिशा पटानी लीड रोल में होंगी. फिल्म बॉबी देओल मुख्य विलेन का किरदार निभा रहे हैं. फिल्म में कोवई सराला, जिस्सू सेनगुप्ता, योगी बाबू, रेडिन किंग्स्ले, नटराजन सुब्रामण्यमस, आनंद राज, रवि राघवेंद्र, केएस रविकुमार, दीपा वेकंट सपोर्टिंग रोल में होंगे. फिल्म में पुष्पा फेम म्यूजिक डायरेक्टर देवी श्री प्रसाद का म्यूजिक होगा. फिल्म को स्टूडियो ग्रीन और यूवी क्रिएशंस ने मिलकर प्रोड्यूस किया है. फिल्म के डायरेक्टर सिवा हैं.

## निवेथा थॉमस-स्टारर फैमिली ड्रामा फिल्म 35-चिन्ना कथा काडू 6 को होगी रिलीज

अभिनेत्री निवेथा थॉमस की आगामी फैमिली ड्रामा फिल्म 35-चिन्ना कथा काडू 6 सितंबर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म 35-चिन्ना कथा काडू पारिवारिक बंधनों की जटिलता पर बात करती है। इसमें जीवन पर विपरीत दृष्टिकोण से देखने वाले दो भाई-बहनों के बीच के संघर्ष को दिखाया गया है। निवेथा इसमें एक मध्यम वर्ग की महिला की भूमिका निभा रही हैं, जो अपनी आकांक्षाओं और पारिवारिक कर्तव्यों के बीच फंसी हुई है। फिल्म यह पता लगाती है कि ये परस्पर विरोधी विचार उनके रिश्तों को कैसे आकार देते हैं और उनके जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं। कलाकारों में प्रियदर्शी, विश्वदेव, गौतमी और भाग्यराज शामिल हैं। इसे तेलुगु, तमिल और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। राणा दग्गुबाती द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म सुरेश प्रोडक्शंस एस ओरिजिनल्स और वाल्टेयर प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। 35-चिन्ना कथा काडू एक भावनात्मक रूप से आकर्षक अनुभव देने का वादा करती है। निवेथा ने अपने करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में लोकप्रिय धारावाहिक माई डियर बूथम से की। इसके बाद उन्हें कुछ तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने का मौका मिला, जिनमें चप्पा कुरीश और थट्टाथिन मरायथु और पोराली शामिल हैं। निवेथा ने 2016 में जेंटलमैन से तेलुगु फिल्म में डेब्यू किया। इसके बाद उन्हें रोमांस, जिल्ला, पापनासम, निन्नू कोरी, जय लव कुश, 118, ब्रोचेवरेवरुरा, वी, वकील साब जैसी हिट फिल्मों में देखा गया, जो अमिताभ बच्चन और तापसी पन्नू अभिनीत हिंदी फिल्म पिंक की तेलुगु रीमेक थी।

# नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन



**चरचा कालरी।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के द्वारा तीन दिवसीय तीन मुख्य मांगों के समाधान हेतु एक दिवसीय प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन के तहत नगर पालिका शिवपुर चर्चा के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने भी पालिका कार्यालय के सामने काम बंद कर,धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया गया।

नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति में निकाय के इंजीनियर आलोक चक्रधारी वी शशि भूषण श्रीवास्तव ने ज्ञापन लिया ज्ञापन में उल्लेखित है कि समस्त नगरीय निकायों से सीधे प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में वेतन भुगतान किया जाए,, नगरीय निकायों में 5 ,8, 10 वर्षों से निरंतर कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों में नियमित किया जाए ,छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 13 मार्च 2024 को गठित बारीक समिति में महासंघ के पदाधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए धरना एवं विरोध प्रदर्शन में नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धरमू दास ,उपाध्यक्ष मोहम्मद जैनुल हक अंसारी ,उदय सह सचिव मोहम्मद सदीक, मुकेश कोषाध्यक्ष आर.के. सिंह संभाग महासचिव राजकिशोर सिंह, पूनम देवी ,शिवराम ,देवेंद्र नायडू ,ज्वाला प्रसाद राकेश विश्वकर्मा, बाजूदास, अमरेंद्र,रमेश कुमार टिल्लू सहित समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित थे प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से नगर पालिका का कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ नगर पालिका के वाहनों के छक्के थामे रहे वही टेक्निकल काम भी बाधित रहा।

## तीन मांगों पर काम नहीं, कर्मचारी हड़ताल पर



**बैकुंठपुर कोरिया।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में तीन सूत्रीय मांगो को लेकर नगर पालिका प्लेसमेंट 111 कर्मचारी,सफाई गार्डन वाहन चालक कार्यालय प्लेसमेंट कर्मचारी एवं फील्ड कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल में चले गए है तीन सूत्रीय मांग 1 नगरीय निकाय से सीधे प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में वेतन भुगतान किया जाए 2 नगरीय निकायों में 5-10 वर्षो से निरंतर कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकाय में निकाय में नियमित किया जाए। 3 छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 13/03/2024 को गठित बारीक समिति में महासंघ के पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए।

दिव्यांग संध्या को मिली नई रोशनी

# कलेक्टर त्रिपाठी की पहल से छात्रा को मिली ट्राइसिकल का सहारा

**कोरिया।** शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कोरिया जिले की कलेक्टर, श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने अपने पदभार ग्रहण करते ही अधिकारियों और कर्मचारियों से एक महत्वपूर्ण आव्हान किया था। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है कि सरकार की योजनाओं का फायदा वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

इस प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण हाल ही में सोनहत विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रामगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में देखने को मिला। इस शिविर में ग्राम पंचायत सिंधोर निवासी शिवकुमार ने अपनी बेटी कुमारी संध्या की कठिनाई को सामने रखा। संध्या, जो ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा है, दिव्यांग है और उसे स्कूल जाने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। शिवकुमार अपनी बेटी को हर दिन अलग-अलग साधनों और सहयोग से स्कूल पहुंचाते थे, लेकिन यह काफी मुश्किल भरा था। कुमारी संध्या पढ़ाई में गहरी रुचि रखती है और उसकी मेहनत ने उसे एक उत्कृष्ट छात्रा भी बना दी है। हालांकि, उसकी दिव्यांगता ने उसे कभी, उसकी पढ़ाई में रुकावट नहीं बनने दी, लेकिन स्कूल जाने के लिए उचित साधन की कमी एक बड़ी समस्या थी। रामगढ़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में संध्या ने अपनी इस समस्या को रखा और एक ट्राइसिकल प्रदान करने का आवेदन किया था। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने संध्या की समस्या को समझा और तुरंत सम्बंधित विभाग को ट्राइसिकल प्रदान करने के निर्देश दिए और इस तरह विभाग ने शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने आज कुमारी



संध्या को ट्राइसिकल उपलब्ध कराई, जिससे उसकी स्कूल जाने की समस्या का समाधान हो गया। इस पहल से संध्या को न केवल स्कूल पहुंचने में आसानी होगी बल्कि उसे अपनी पढ़ाई जारी रखने का आत्मविश्वास भी मिला। कुमारी संध्या के परिजनों ने कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के इस कदम के लिए आभार व्यक्त किया और अब संध्या अपनी शिक्षा को बिना किसी बाधा के जारी रख सकेगी।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** 1 से 8 सितंबर तक मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत आज पार्वती इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्रेंनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय, मदनपुर, सिलफिली के प्रशिक्षार्थियों द्वारा शाला अभ्यास कार्यक्रम के दौरान सूरजपुर जिले के विभिन्न विद्यालय में डी.पी.ओ. रोहित कुमार सोनी के निर्देशानुसार विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ शपथ ग्रहण, मेहंदी, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



## कैल्शियम व विटामिन सी युक्त आहार का सेवन करने की दी गई सलाह

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड बैकुंठपुर के डुमरिया जामपारा में फ्लोरोसिस शिविर का आयोजित कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में जिला एवं विकासखण्ड स्तर की संयुक्त टीम द्वारा 79 लोगों का परीक्षण किया गया। जिसमें डेंटल फ्लोरोसिस के 33, स्केलेटन फ्लोरोसिस के 14 मरीजों का पहचान की गई। शिविर में फ्लोरोसिस या पानी में फ्लोराइड की अधिकता से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी होने वाली समस्याओं की अवगत कराया गया। जागरूकता के तहत लोगो को कैल्शियम व विटामिन सी युक्त आहार का सेवन करने की सलाह दी गई। फ्लोराइड युक्त पानी का सेवन और दैनिक उपयोग के लिए मना किया गया।

## स्वच्छता सप्ताह के चौथे दिन जल संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** विकासखंड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में स्वच्छता सप्ताह के चौथे दिन बच्चों को जल संरक्षण और प्राकृतिक जल संसाधनों को बचाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। प्रत्येक बच्चा प्रतिदिन कम से कम एक लीटर पानी बचाये तथा घर और स्कूल में सही ढंग से जल का उपयोग करते हुए जल की बर्बादी को कम करें। शिक्षक योगेश साहू ने बच्चों को बताया कि हमें अपने दैनिक आदतें जो फर्क लाना हैं। दांत साफकरते समय नल बंद कर दें, घर के अंदर के पौधों को पानी देने के लिए वर्षा का पानी इकट्ठा करें, पौधों या बगीचे में पानी देने के लिए खाना पकाने के पानी का पुन: उपयोग करें साथ ही अपने परिवार के सदस्यों को जल संरक्षण के बारे में शिक्षित करें तथा टिकाऊ भविष्य के लिए जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताएं। विज्ञान की शिक्षिका अनिता सिंह द्वारा बताया गया कि हमारे पृथ्वी की सतह लगभग 75 प्रतिशत जल से भरी है।

# बड़ी संख्या में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण



**कोरिया।** पेंशन एवं भविष्य निधि, संचालनालय एवं कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार आज जिला कोषालय द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन, जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में किया गया। जिला कोषालय अधिकारी श्री पद्माकर सिंह परिहार ने बताया कि जिले के विभिन्न विभागों से आए बड़ी संख्या में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और शाखा लिपिकों को प्रशिक्षण दिया गया है। श्री परिहार ने बताया कि मास्टर ट्रेनर श्री ओंकार साय द्वारा पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत विकल्प चयन करने वाले कर्मचारियों के मामलों, मृत्यु और अशक्तता के प्रकरणों में पेंशन तैयार करने और इडब्लूआर समायोजन की प्रक्रिया को बारीकी से जानकारी दी। इसके अलावा, एन.पी.एस. राशि का समायोजन, सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान, पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण, ई-बिल देयक तैयार करने और जी.एस.टी. नंबर इंद्राज करने जैसे कार्यों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। बता दें मास्टर ट्रेनर ओंकार साय से प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों- कर्मचारियों ने सवाल किए व कार्य के दौरान होने वाली समस्याओं का ज़िक्र भी किया। इस पर श्री साय ने सभी कर्मियों के सवालों व परेशानियों को बेहद सरल व सहज तरीके से उदाहरण देकर जानकारी दी, वहीं सेवानिवृत्त जिला सहायक कोषालय अधिकारी श्री अनिरुद्ध प्रसाद शर्मा ने भी पेंशन प्रकरण के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। श्री परिहार ने कहा कि यह प्रशिक्षण निश्चित ही अधिकारियों व शाखा लिपिको को पेंशन व वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को समझने में आसानी होगी साथ ही वित्तीय नियमों का उचित पालन होगा और अधिक दक्षता के साथ अपने कार्यों को बेहतर कर पाएंगे।

## बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने प्राचार्य करें विशेष प्रयास:कलेक्टर

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया जहां सभी स्कूलों में बच्चों के परीक्षा परिणाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी श्री शशिकांत सिंह, सर्व बी.ई. ओ सहित सभी स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर सभी प्राचार्यों से जानकारी ली। बच्चों के उत्तीर्ण एवं अनुत्तीर्ण होने के स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने सभी प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से बोर्ड परीक्षा में बच्चों के खराब प्रदर्शन का कारण पूछते हुए खराब परीक्षा परिणाम देने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अनुपस्थित रहने वाले एवं लापरवाह शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने एवं लापरवाह शिक्षकों पर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों के कमियों को दूर करते हुए शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए गंभीर प्रयास करने के लिए कहा। उन्होंने सभी बच्चों में विषयों के आधारभूत जानकारी को बेहतर करते हुए शैक्षणिक नींव को मजबूत करने के लिए सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया है। साथ ही बच्चों को पढाई के लिए प्रोत्साहित करने को सभी के घर मे पढ़ाई का कोना बनवाने, पालक शिक्षक सम्मेलन करवाने के लिए कहा।

## जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**सूरजपुर।** संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार शुक्ला, स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर एवं जिला चिकित्सालय सूरजपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में प्रभारी चिकित्सक के अनुपस्थित होने की जानकारी मरीजों से प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिकारी/ कर्मचारियों को अपने नियत समय पर कार्य में उपस्थित होने के निर्देश दिये।

## पिकअप से भिड़ी बाईक, एक की मौत





**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर थाना अंतर्गत बाइक व पिकअप वाहन का भिड़ंत हो जाने से एक युवक की मौके पर मौत हो गयी वहीं एक युवक गंभीर घायल हो गया। जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज शहडोल मे जारी है। उक्त घटना जनकपुर थाना अंतर्गत ग्राम घुघरी में घटित हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमावर्ती ग्राम हरदी जिला सीधी म.प्र.निवासी कमलेश पिता दलेल सिंह और बाँकेलाल पिता शोभनाथ सिंह दोनों युवक बाइक में सवार होकर निजी कार्य से जनकपुर आये हुए थे, कार्य निपटाकर वापस अपने घर ग्राम हरदी लौट रहे थे इसी दौरान रास्ते में ग्राम घुघरी के नजदीक सामने से आ रही कार से बचते हुए असंतुलित होकर इनकी बाइक पिकअप वाहन से टकरा गयी। घटना में बाइक चालक कमलेश सिंह की मौके में मृत्यु हो गयी वहीं बाँकेलाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज शहडोल स्थित मेडिकल कालेज में चल रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही जनकपुर थाना से सहायक उप निरीक्षक राम मिलन मिश्रा स्टाप के साथ मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही किए।

## हायर सेकेंडरी स्कूल केतका के विद्यार्थियों को आयुर्विद्या के बारे में दी गई जानकारी

**सूरजपुर।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के आयुष विभाग के द्वारा प्रत्येक विद्यालयों में कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के बच्चों को आज हॉयर सेकेण्डरी स्कूल केतका में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण उनको आयुर्विद्या के बारे में जानकारी के साथ स्वास्थ्य जागरूकता, दिनचर्या, ऋतुचार्य, आयुर्वेद के बारे में संक्षेप में विवरण, संतुलित आहार बिहार, किशोरी बालिकाओं में माहवारी जागरूकता, योग प्राणायाम का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के संबंध में जानकारी दी गई और जंक फास्ट फूड पैकेट फूड के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी, वात पित्त कफप्रकृति के संबंध में जानकारी, वर्षा ऋतु में होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही औषधिया पौधों की विस्तृत से बताया गया। साथ ही बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया और उनका वजन लंबाई नापा गया। आयुर्वेद के बारे में हस्त प्रक्षालन योग के बारे में जानकारी दी गई एवं पांच अशुद्धियों पौधों जैसे गिलोय, तुलसी, नीम, करंज, मूंगा, के बारे में जानकारी दी गई। इसमें 180 बच्चों का नि: शुल्क परामर्श दिया गया।

# अर्जुन के पौधों में रेशम कीट पालन से आत्मनिर्भर हो रहे आदिवासी परिवार

## रोजगार के स्थायी अवसर देने महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत हुआ था ब्लाक प्लांटेशन







**बैकुण्ठपुर।** किसी ने अपनी बेहतर कमाई से अपनी बिटिया का ब्याह रचा दिया, तो किसी ने अपने कच्चे मकान की जगह पक्का मकान ही बना लिया। यह आर्थिक तरक्की की राह उस योजना से निकल कर आई है जिसे अकुशल श्रमिकों को रोजगार देने के लिए जाना जाता है। कहा जाता है कि जब आप एक अच्छी सोच लेकर कोई कार्य करते हैं तो उसके दूरगामी परिणाम सदैव सकारात्मक और गुणात्मक तौर पर लाभकारी भी होते हैं। ऐसी ही एक सोच के साथ कोरिया जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत उरूमदुगा में दस हेक्टेयर पड़त भूमि पर कुछ वर्ष पहले पंजीकृत श्रमिकों को अकुशल रोजगार देने के लिए अर्जुन पौधे का प्लांटेशन कार्य स्वीकृत किया गया। इस कार्य के लिए रेशम विभाग कोरिया को कार्य एजेंसी बनाया गया। बीते दो-तीन वर्षों से अर्जुन पौधे का यह ब्लाक प्लांटेशन अब एक दर्जन से ज्यादा परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बना रहा है। यहां काम करने वाले आदिवासी भाई बहनों के चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान है। बीते वर्षों में ही यहां कार्यरत समूह ने लगभग दस लाख रूपए से ज्यादा का लाभ अर्जित कर लिया है। इस प्लांटेशन में रेशम कीट पालन से समूह के प्रत्येक सदस्य के हिस्से अच्छी आमदनी हो रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अब तक यहां कार्यरत समूह की महिलाओं के अतिरिक्त टसर उत्पादन में संलग्न मनरेगा श्रमिकों को कुल 12 लाख रूपए आय अर्जित हो चुकी है।

बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य एक गांव है उरूमदुगा यहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रेशम कीट पालन को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर अर्जुन के पौधों का ब्लाक प्लांटेशन कार्य स्वीकृत किया गया था। यहां 10 हेक्टेयर यानी लगभग 25 एकड़ भूमि पर अर्जुन के पौधे लगाए गए थे जिनमे से 38 हजार से ज्यादा पौधे रेशम कीट पालन के लिए उपयुक्त तौर पर तैयार हुए। इस कार्य से 4 हजार 354 मानव दिवस का अकुशल रोजगार उपलब्ध कराया गया। इन पौधों में रेशम कीट पालन की प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराया गया और अब इस रेशम कीट उत्पादन केंद्र में दर्जनों श्रमिक सालभर के लिए रोजगार और आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। रेशम कीट उत्पादन केंद्र उरूमदुगा के प्रभारी फील्डमैन श्री अमित लकड़ा ने बताया कि इस वर्ष का पहला डाबा ककून लगभग एक लाख दस हजार की संख्या में एकत्रीकरण कर लिया गया है और अभी लगभग बीस प्रतिशत संग्रहण बचा हुआ है। इसके बाद सभी को सुखाकर सीधे रेशम उत्पादन केंद्र को या फिर बाजार में अच्छे दामों पर बेच दिया जाएगा। जिससे लगभग ढाई से तीन लाख रूपए प्राप्त होंगे। इसके बाद जनवरी फरवरी में दूसरी बार डाबा ककून एकत्र किया जाएगा जो कि लगभग एक लाख अस्सी हजार से ज्यादा होगा। फील्डमैन श्री अमित के अनुसार ठंड में अच्छी क्वालिटी का ज्यादा बेहतर उत्पादन होता है। यहां कार्यरत रेशम कृमिपालन समूह मे श्रीमती बसंती अध्यक्ष हैं और इनके समूह में श्रीमती मानकुंवर, श्रीमती सरिता, श्रीमती उर्मिला, श्रीमती सैमुन बाई, श्रीमती भिखमन बाई, श्रीमती सहलो बाई मरावी, श्रीमती सुंदरी, श्रीमती हिरमनबाई, और श्रीमती इंद्रकुंवर जुड़ी हुई हैं। इनके परिवार के सदस्य प्रारभ से अब तक लगातार यहां काम कर रहे हैं। समूह की अध्यक्ष श्रीमती बसंती का बेटा बैजू पूरे समय यहां देखरेख और उत्पादन कार्य में लगा रहता है। बैजू ने बताया कि उसके परिवार के पास पहले कच्चा मकान था तो रेशम कीट पालन से हुई आय से उनके परिवार ने एक पक्का मकान बना लिया है। इसी तरह समूह की सदस्य श्रीमती मानकुंवर ने अपनी आमदनी से बड़ी बेटी विमला का बीते साल विवाह कराया। वहीं इस कार्य में जुड़ी गांव की अन्य सदस्य श्रीमती बिफइया ने बताया कि यहां हर सीजन में दो सौ तितली बीज मिलते हैं जिसकी अच्छी देखभाल से लगभग बीस हजार ककून उत्पादन हो जाता है। एक ककून बेचकर तीन या चार रूपए मिल जाते हैं। इसी कमाई से बीते साल उन्होने अपनी बड़ी बेटी बाबी का ब्याह किया। इन सभी सदस्यों की तरह श्रीमती बूंदकुंवर, श्रीमती बसंती और उनके साथ गांव के दर्जनों कीट पालक किसान अब इस अर्जुन नर्सरी से जुड़कर रेशम कीट पालन कर अपना आर्थिक स्वावलंबन प्राप्त कर रहे हैं।

# शिक्षा जरूरी इसलिए नाला पार कर स्कूल पहुंचने की जोखिम उठा रहे बच्चे

## काफी समय से सिंदूरगढ़ क्षेत्र में बनी है इस प्रकार की परेशानियां

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के ग्राम सेंदुरगढ़ के स्कूली बच्चों को स्कुल जाने के लिए रास्ता ही नहीं। बच्चे जान जोखिम मे डालकर नाले मे लकड़ी का पटरा लगाकर प्रतिदिन पार करते हैं। बारिश में ज़ब नाले मे पानी उफ़ान पर होता है तब स्थिति असामान्य हो जाती है । लंबे समय से इस प्रकार की परिस्थितियों यहां बनी हुई है लेकिन इसका निराकरण करने के लिए अब तक कोई ठोस काम नहीं हो सका है। आदिवासी बाहुल्य विकासखंड में इस प्रकार की चुनौतियों के बारे में शिक्षा विभाग के अधिकारी अंजान बने हैं।

सभी क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सरकार विशेष काम कर रही है लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे भी है जहाँ शिक्षा तो है लेकिन सुविधा नहीं।पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के सुदूरअंचल क्षेत्र सेंदुरगढ़ ग्राम पंचायत के बच्चे साशीन मिडिल स्कुल मे पढ़ाई करने जाते हैं लेकिन स्कुल जाने के लिए मार्ग नहीं है। बच्चे जान जोखिम मे डालकर नाला पार करते हुए स्कुल जाते हैं, तब हालात भयानक हो जाता है ज़ब नाले का पानी उफान पर होता है मजबूरन बच्चे लकड़ी का पटरा डालकर नाला पार करते हैं।



नाला की बाधा पर विजय पाने के लिए हर दिन यह तरीका अपनाते हैं विद्यार्थी

**पार कराने की जिम्मेदारी**

सेंदुरगढ़ से सासीन मिडिल स्कुल कि दुरी लगभग 5 किलोमीटर बताई जा रही है। टीचर मैकुल सिंह ने बताया कि स्कुल जाने के लिए पुल तो है लेकिन बच्चो को घना जंगल पार करना पड़ता है जहाँ भालू जैसे जंगली जानवरो का भी खतरा बना रहता है, इस वजह से बच्चे शार्ट कट अपनाते हैं, जिसकी दुरी महज 300 मीटर ही है, जहाँ से बच्चे नाला पार करते हैं, उक्त स्थान पर प्रतिदिन ग्राम कि मितानिन लकड़ी का पटरा लगाकर बच्चों को पार कराती है।

ग्रामीणों ने शासन प्रसासन से उक्त स्थानों पर ही पुल निर्माण कर उचित व्यवस्था करने कि बात कही जिससे बच्चों को 5 किलोमीटर घूमते हुए घने जंगल का रास्ता तय न करना पड़े।

# वृद्ध को मौत के घाट उतारने के बाद लोनर पहुंचा डोंगरतरई जंगल



**कोरबा।** वन विभाग के उपमंडल पाली क्षेत्रांतर्गत आने वाले चैतमा रेंज में रात में एक वृद्ध को मौत के घाट उतारने के बाद खतरनाक लोनर हाथी अब जटगा वन परिक्षेत्र के सुतर्रा सर्किल व बिंझरा बिट में स्थित डोंगरतरई जंगल पहुंच गया है। दंतैल यहां पहुंचने से जहां क्षेत्रवासी भयभीत हैं, वहीं वनविभाग द्वारा गांव में मुनादी करा कर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पाली उपवन मंडल के धारपखना घुईचुआ सर्किल में दंतैल हाथी ने एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। सूचना मिलते ही वन विभाग के टीम घटना स्थल पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। बताया जा रहा कि मृतक 60 वर्षीय मेवाराम धनवार पिता जगतराम रात्री लगभग 10.00 बजे मुख्य सड़क पर जा रहा था। इस दौरान अचानक लोनर हाथी से उसका सामना हो गया और हाथी ने उसे सूंड से उठाकर सड़क पर पटक दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही तत्काल मौत हो गयी। दंतैल हाथी ग्रामीण को मौत के घाट उतारने के बाद ग्राम की तरफ घुस गया। जहां कुछ लोग घर छोड़कर भागने लगे और किसी दूसरे के घर में सहारा लेकर छुपे हुए थे। बताया जा रहा है कि मृतक सोनाईपुर का रहने वाला था। वन विभाग की टीम इस घटना के बाद ग्रामीणों को हाथी के पास जाने के लिए मना कर रही थी। वहीं हाथी के पीछे-पीछे वन विभाग की टीम जा रही थी और लाउडस्पीकर के माध्यम से अनाउंस कर रही थी कि गांव में हाथी घुस गया है। घर से बाहर न निकलें। यह मंजर देर रात तक चलता रहा। आखिर में हाथी को जटगा रेंज के बिंझरा जंगल की ओर खदेड़ा गया। खदेड़े जाने पर हाथी डोंगरतरई पहुंच गया और वहां डेरा डाल दिया। ज्ञात रहे

कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल में तीन लोगों को मौत के घाट उतारने के बाद जिला चांपा-जांजगीर के पंतोरा जंगल में डेरा डाला था। जिसके बाद बिलासपुर जंगल में था। दो दिन से पुनः कोरबा पाली वन मंडल पहुंचा और फिर से ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार अब तक चार लोगों की मृत्यु हो चुकी है और हाथी पिछले एक माह से कोरबा, जांजगीर-चांपा और बिलासपुर वन मंडल में घूम रहा है। कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची और तत्काल लोनर को खदेड़ने की कार्यवाही की। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आस सुबह मृतक का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वन विभाग की ओर से तत्कालिक सहायता राशि रूपए 25 हजार मृतक के परिजनों को दे दी गई है। वन्य जीव के हमले में मौत पर 6 लाख रूपए देने का प्रावधान है। शेष राशि औपचारिकता पूरी करने के बाद दी जाएगी। लोनर के डोंगरतरई जंगल पहुंचने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर उसकी निगरानी में जुट गई है, वहीं आसपास के गांव में मुनादी कराने का काम भी शुरू कर दिया गया है। अब तक लोनर हाथी जिले में चार लोगों को मौत के घाट उतार चुका है।

# जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता हैः आचार्य मृदुलकांत

**कोरबा।** ब्रज मंडल वृंदावन के कथावाचक आचार्य मृदुल कांत शास्त्री ने कहां है कि जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। विभिन्न युग में हमारे अवतारों ने इससे साबित किया है। भक्तों की पुकार पर उनकी रक्षा के लिए भगवान स्वयं उपस्थित हुए और वचन को निभाया।

कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संस्कृतिक भवन आशीर्वाद पॉइंट में कबुलपुरिया परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मृदुलकांत शास्त्री ने यह बात कही। कथा प्रसंग के अंतर्गत उन्होंने बिंदुओं को रखा और बताया कि दुशासन और दुर्योधन जैसी आसुरी शक्तियों ने अपने पत्ते फेके और सज्जन शक्ति को परेशान करने का काम किया। यह सब दुष्ट आखिरकार पराजित हुए और भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर में अपने भक्तों की रक्षा करने के साथ साबित किया कि धर्म और सत्य के आगे दूसरी सभी चीज बौनी है। आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने महाभारत युद्ध की परिस्थितियों को उधृत करते हुए यह भी कहा कि कौरव सेना की सफाये के बाद दूर्योधन इस सोच में था कि पूर्वजों को तर्पण देने का कार्य आखिर कौन करेग? उस समय भी सबसे बड़ी चिंता और चिंतन इस बात को लेकर था सामान्य कारण के लिए युद्ध लड़े जाते हैं लेकिन इनके परिणाम घातक होते हैं और यह पूरी सभ्यता का विनाश कर देते हैं। इसलिए यथासम्भव विश्व को इनसे बचने की





नितांत आवश्यकता है।

कबुलपुरिया परिवार के द्वारा पितृ मोक्ष हेतु आयोजित किए गए श्रीमद् भागवत कथा अंतर्गत आचार्य मृदुल कांत शास्त्री ने इहलोक और परलोक को अच्छा करने के लिए करणीय कार्य पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर भक्ति की शक्ति सहित कई प्रेरणादायी विषयों पर केंद्रित झांकियां भी निकाली गई, जिन्होंने अपना विशेष प्रभाव डाला। कथा श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में सनातन सनातन दजरमावलम्बी उपस्थित थे। आयोजको ने बताया कि 5 सितंबर को दोपहर 3ः00 बजे से कथा प्रारंभ होगी और रात्रि 8 बजे तक चलेगी। सभी भक्तों से देवीय अनुष्ठान में उपस्थिति दर्ज करने का आग्रह किया गया है।

# जिला आटो संघ का चुनाव 8 को 20 प्रत्याशी मैदान में

**कोरबा।** जिला आटो संघ का चुनाव आगामी 08 सितंबर को सूर्यवंशी समाज भवन बुधवारी बाजार रोड कोरबा में होगा। इसके लिए नामांकन भरने उसके जांच उपरांत प्रत्याशियों की अंतिम घोषणा हो चुकी है। जिसके बाद प्रत्याशी आटो संघ के सदस्यों से संपर्क करने के प्रयास में जुट गया है। लगातार उनसे मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही है। आटो संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव होना है, इसके लिए 20 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनके भाग्य का निर्णय 1330 सदस्य मतदाता करेंगे। जहां अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष गिरजेश सिंह ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष आजम खान तथा वस्त्रकार के बीच मुकाबला है, वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए रामजाने, पंकज तिवारी मैदान में है। सचिव पद के लिए यशवंत कौशिक, मिथुन सरकार, रवि यादव व अन्य भाग्य आजमा रहे हैं। सह सचिव के लिए राजेश भांचा, राजेश दावड़ा, परदेशी समेत सात अन्य भी मैदान में है। कोषाध्यक्ष के लिए श्यामलाल गुरूजी, स्केल, परेदशी यादव, अंजली कुमार समेत पांच अन्य प्रत्याशी खड़े हैं जिनके मध्यम मुकाबला है, इसमें श्यामलाल गुरूजी का पड़ला भारी दिख रहा है। मतदान 8 सितंबर को सुबह शुरू होगा और शाम तक चलेगा। मतदान के बाद मतों की गणना इसी दिन की जाएगी और परिणाम भी घोषित किये जाएंगे। चुनाव अधिकारियों ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

# यातायात नियमों के बारे में बैंकिंग स्टाफ को दी जानकारी



**कोरबा।** यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए कोरबा नगर और शहरी क्षेत्र में कामकाज हो रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में ट्रैफिक टीम ने आइसीआइसीआइ बैंक पहुंचकर स्टाफ को नियमों के संबंध में जानकारी दी और इनका परिपालन करने को कहा।

कम्युनिटी को अपने साथ जोड़ने और उसे ट्रैफिक रूल्स से जुड़ी हुई हर प्रकार की जानकारी देने के लिए कोरबा जिले में अवेयरनेस प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है। स्कूल कॉलेज से लेकर विभिन्न प्रतिष्ठानों में ट्रैफिक टीम अपनी उपस्थिति दर्ज करने के साथ लोगों को ट्रैफिक रूल्स और उनके महत्व बताने में लगी है। इसी श्रृंखला में कोरबा के आइसीआइसीआइ बैंक में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस की ओर से सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर, कांस्टेबल संजय लहरे, अरुण भट्टपहररे, दिल चंद खूंटे, के द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करने के साथ कार्यक्रम का समन्वय किया गया। कार्यक्रम में बैंक मैनेजर शिवा भारद्वाज और स्टाफ के द्वारा दी गई जानकारी को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# केएसएस का होगा अधिवेशन

**कोरबा।** केएसएस का एसईसीएल स्तरीय का अधिवेशन हसदेव में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन में कुसमुंडा क्षेत्र के 17 प्रतिनिधि भी सॉजी जॉन व समार सिंह के नेतृत्व में शामिल होगे। यहां से सभी मिलाकर 20 कार्यकर्ता अधिवेशन में भाग लेंगे। इसी तरह कोरबा एरिया से अनुज सरकार,धनजंय, डीपी लहरे,संतोष टंडन गेवरा से जनाराम कर्ष के नेतृत्व में अनेको प्रतिनिध शामिल होगें। अधिवेशन को सफल बनाने के लिए सभी एरिया के कार्यकर्ता जुटे हुए है। सौ कामगार के पीछे एक प्रतिनिधि बनाया जाता है। अधिवेशन में आने वाले दिनों की रूप रेखा तैयार होगी। इस संबंध में सॉजी जॉन ने बताया कि पूरे एसईसीएल क्षेत्र में संगठन आगे बढ़ रहा है।


# सरस्वती शिक्षा समिति ने किया आचार्यों का अभिनंदन

**कोरबा।** सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा ने शिक्षक दिवस पर संयुक्त आयोजन करते हुए विभिन्न संस्थाओं में सेवाएं दे रहे आचार्यों का अभिनंदन किया।

सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिन पर शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा है जिसका निर्वहन सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा ने किया। सीएसईबी सरस्वती विद्यालय परिसर में यह कार्यक्रम गुरुवार को सुबह 10ः00 बजे आयोजित किया गया। विद्या भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि थे। सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र किशोर श्रीवास्तव ने अध्यक्षता की। विद्यादायिनी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शिक्षकों के सम्मान में स्वागत गीत और औपचारिक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथियों के द्वारा विभिन्न संस्थाओं में शैक्षणिक सेवाएं दे रहे आचार्य और आचार्याओं का सम्मान किया। उन्हें वस्त्र और श्रीफल फैट किए गए। अतिथियों ने इस अवसर पर अपनी बात रखी और कहा की शिक्षक दिवस गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है। अतीत में जो सम्मान गुरुजनों के प्रति था उसे सदैव बनाए रखने की हम सब की होनी चाहिए। हमारा आचरण और व्यवहार बेहतर रहेगा तो हम सदा विद्यार्थियों और समाज से सम्मान प्राप्त करते रहेंगे। उनसे अपेक्षा की गई की अपनी भूमिका का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें और अच्छे परिणाम प्रदान करें। इस कार्यक्रम के अवसर पर शिक्षा समिति के पदाधिकारी नानजी भाई पटेल, जनार्दन शर्मा, जोगेश लांबा सहित विभिन्न संस्थाओं के प्राचार्य, प्रधान अध्यापक और सहयोगी उपस्थित थे।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com